दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 58 | जयपुर, मंगलवार, 06 फरवरी, 2024 | माघ, कृष्ण पक्ष- एकादशी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00


### पीएम ने दावा किया कि लोकसभा चुनावों में एनडीए को मिलेंगी 400 से ज्यादा सीटें

# एक 'प्रोडक्ट' के चलते कांग्रेस की दुकान बंद होने की कगार पर: मोदी

एजेंसी | नई दिल्ली

बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। डेढ़ घंटे से ज्यादा के अपने संबोधन में वे बेहद आक्रामक दिखे। इस दौरान उन्होंने न केवल कांग्रेस अपितु समूचे विपक्ष को आड़े हाथों लिया। कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपनी इसी सोच और विचारधारा का खामियाजा भुगता है। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष की आज की हालत के लिए भी कांग्रेस ही जिम्मेदार है।

पीएम मोदी ने देश की सबसे पुरानी पार्टी को घेरते हुए कहा कि आज विपक्ष की जो हालत है, इसकी सबसे बड़ी दोषी कांग्रेस



पार्टी है। कांग्रेस को एक अच्छा विपक्ष बनने का बहुत बड़ा अवसर मिला था, लेकिन 10 वर्षों में ये उस दायित्व को निभाने में भी विफल हो गए। उसी उत्पाद को दोबारा लॉन्च करने के चक्कर में कांग्रेस पार्टी की दुकान बंद होने की कगार पर है। लोकसभा चुनाव से पहले आखिरी संसद सत्र में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर खूब निशाना साधा। मोदी ने बीजेपी के हर एजेंडे को साफ किया और अपनी सरकार का रिपोर्ट कार्ड रखने के साथ ही कांग्रेस सरकारों की सुस्त रफ्तार के भी सबूत गिनाए। कांग्रेस को परिवारवाद से लेकर भ्रष्टाचार और महंगाई तक के मसले पर घेरा। इस दौरान मोदी ने लोकसभा चुनाव परिणाम की भविष्यवाणी भी कर दी। इसके साथ ही पीएम ने पहली बार परिवारवाद की अपनी परिभाषा भी बताई। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी सरकार का तीसरा कार्यकाल ज्यादा दिन दूर नहीं है। ज्यादा से ज्यादा 100 से 125 दिन दूर है। अबकी बार पूरा देश कह रहा है कि अबकी बार 400 के पार। यहां तक कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी यह कह रहे हैं। मेरा यह तीसरा कार्यकाल कुछ बड़े फैसलों का कार्यकाल होगा। पीएम मोदी ने कहा कि अबकी बार बीजेपी को 300 से ज्यादा सीटें मिलेगी और एनडीए 400 से ज्यादा सीटें आएंगी।

### देश को बांटने के आरोप पर किया पलटवार

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर ही देश को बांटने का आरोप लगाया और सवाल किया, 'कब तक टुकड़ों में सोचते रहोगे और कब तक समाज को बांटते रहोगे?' मोदी बोले, 'जब हम युवाओं की बात करते हैं तो उसमें सभी युवा आते हैं और जब महिलाओं की बात होती है तो उसमें सभी महिलाएं आती हैं। इसमें किसी जाति-धर्म का अंतर नहीं होता है।' ध्यान रहे कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी अंतरिम बजट पेश करते हुए 'बीजेपी का सेकुलरिज्म इन एक्शन' की बात की थी। साफ है कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी विपक्ष के एजेंडे से ही विपक्ष को घेरने के मूड में है। पीएम ने आज संसद में साफ-साफ कहा कि कांग्रेस पार्टी देश को कई टुकड़े कर चुकी है, फिर भी उसका मन नहीं भरा और इसके और टुकड़े करने में जुटी है।

### पीएम परिवारवाद पर खुलकर बोले...

पीएम मोदी ने पहली बार खुलकर परिवारवाद की परिभाषा समझाई ताकि बीजेपी के इस हथियार की धार और तेज हो सके। मोदी ने विपक्ष के इस आरोप का भी जवाब दिया कि बीजेपी में भी कई परिवार के लोग हैं। अमित शाह या राजनाथ सिंह के बेटों को लेकर विपक्ष बीजेपी पर आरोप लगाता रहा है कि बीजेपी को अपना परिवारवाद नहीं दिखता। मोदी ने इसका भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अगर कोई अपनी प्रतिभा और जनता के समर्थन से राजनीति में आगे आता है तो उसे परिवारवाद नहीं कहते। परिवारवाद वो है जिसमें किसी के लिए बाकियों की प्रतिभा की बलि चढ़ाई जाती है। पीएम बोले, 'न तो राजनाथ सिंह और ना ही अमित शाह की कोई पॉलिटिकल पार्टी है।' मोदी ने राहुल गांधी से लेकर नेहरू और इंदिरा गांधी सबको घेरा।

### पीएम का विपक्ष पर अटैक...

### 'जिसने देश को लूटा वो लौटाना पड़ेगा'

पीएम नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर करप्शन के मुद्दे पर कांग्रेस समेत समूचे विपक्ष पर करारा अटैक किया। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार में जो करप्शन की बातें होती थी उसका कुल आंकड़ा 10 लाख करोड़ का रहा। हमने लाखों करोड़ के घोटालों को अटकाया और सारे पैसों को गरीबों के काम में लगा दिया। अब बिचौलियों के लिए गरीबों को लूटना बहुत मुश्किल हो गया है। 30 लाख करोड़ से ज्यादा हमने लोगों के खाते में सीधे पहुंचाए हैं। इस दौरान पीएम ने दो टूक कहा कि जिसने देश को लूटा है वो लौटाना पड़ेगा।

---

## जरूरी खबर

### फरवरी में दस साल बाद जयपुर में हुई सर्वाधिक बारिश



जयपुर। पश्चिमी विक्षोभ के कारण राजस्थान सहित पूरे भारत में बिगड़ा मौसम अब धीरे धीरे साफ होने लगा है। रविवार सुबह से लेकर सोमवार सुबह तक लगातार हुई बारिश के बाद सोमवार दोपहर को अच्छी धूप खिली है। मौसम केंद्र जयपुर ने पिछले 24 घंटे में प्रदेश भर में हुई बारिश के ताजा आंकड़े जारी किए हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक राजस्थान में सर्वाधिक बारिश धौलपुर जिले में दर्ज की गई है। धौलपुर में 3.5 सेंटीमीटर बारिश हुई जबकि राजधानी जयपुर में 22.4 एमएम यानी 2.24 सेंटी मीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। फरवरी में हुई बारिश (मावठ) के पुराने आंकड़े देखें तो 10 साल बाद जयपुर में सर्वाधिक बारिश हुई है।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।


### सख्ती: भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक और अन्य गड़बड़ियों को रोकने के लिए लोकसभा में बिल पेश

# पेपर लीक किया तो दस साल की जेल

### एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने का भी प्रावधान

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी और अनियमितताओं से सख्ती से निपटने के लिए एक बेहद सख्त कानून बनाया है। 'लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024' सोमवार को लोकसभा में पेश कर दिया गया है। इस विधेयक में परीक्षाओं में अनियमितताओं से संबंधित अपराध के लिए अधिकतम 10 साल तक की जेल और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में इस विधेयक को मंजूरी दी थी।

कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को इसे सदन में पेश किया। सरकार के सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित विधेयक में विद्यार्थियों को निशाना नहीं बनाया जाएगा, बल्कि इसमें संगठित अपराध, माफिया और साठगांठ में शामिल पाए गए लोगों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है। इस विधेयक में एक उच्च-स्तरीय तकनीकी समिति के गठन का भी प्रस्ताव है, जो कम्प्यूटर के माध्यम से परीक्षा प्रक्रिया को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए सिफारिशें करेगी।





### बिल के दायरे में आएंगी सभी संयुक्त प्रवेश परीक्षाएं

यह एक केंद्रीय कानून होगा और इसके दायरे में संयुक्त प्रवेश परीक्षाएं और केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए होने वाली परीक्षाएं भी आएंगी। इससे पहले, बजट सत्र की शुरुआत पर गत 31 जनवरी को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सरकार परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ी को लेकर युवाओं की चिंताओं से अवगत है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में सख्ती लाने के लिए नया कानून बनाने का निर्णय लिया गया है।

### क्यों पड़ी इस बिल की जरूरत?

राजस्थान, तेलंगाना, एमपी, गुजरात, झारखंड में पेपर लीक होने के कारण परीक्षाएं रद्द करनी पड़ी थी और इन परीक्षाओं का आयोजन फिर से किया गया था। वहीं दोबारा से परीक्षा कराने पर राज्य सरकार का पैसा खर्च होता है और कई परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। साथ ही सरकार और स्थानीय प्रशासन को छात्रों की नाराजगी का भी सामना करना पड़ता है।

### कानून में हैं बेहद सख्त प्रावधान

इस प्रस्तावित कानून के अनुसार, सार्वजनिक परीक्षाओं के संचालन में अनुचित साधनों से संबंधित सभी अपराध संज्ञेय, गैर-जमानती और गैर-शमनयोग्य होंगे। अगर ये विधेयक पारित हो जाता है, तो परीक्षाओं के दौरान गड़बड़ी में शामिल व्यक्तियों को कम से कम तीन साल की कैद की सजा हो सकती है, जिसे पांच साल तक बढ़ाया जा सकता है, साथ ही दस लाख रुपए तक का जुर्माना भी लगाया जा सकता है। इतना ही नहीं, परीक्षा के लिए सेवा प्रदाता पर 1 करोड़ रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है और परीक्षा की आनुपातिक लागत कंपनी से ही वसूली जाएगी। सेवा प्रदाता को 10 साल की जेल और चार साल की अवधि के लिए परीक्षा आयोजित करने का कोई भी अनुबंध लेने से भी प्रतिबंधित किया जाएगा।

### कौन करेगा मामले की जांच?

पेपर लीक और नकल के मामलों की जांच पुलिस उपाधीक्षक, सहायक पुलिस आयुक्त स्तर के अधिकारी करेंगे। सरकार के पास केंद्रीय एजेंसी को जांच सौंपने का अधिकार होगा। परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता बनाने के लिए इस बिल को पेश किया गया है। साथ ही यह बिल यूपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग, नीट- मेडिकल एवं इंजीनियरिंग समेत विभिन्न परीक्षाओं को इसके दायरे में लाया गया है।

### टीम इंडिया ने सीरीज को 1-1 से किया बराबर



# भारत जीता

एजेंसी | विशाखापत्तनम

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले को अपने नाम कर लिया है। उसने विशाखापत्तनम में खेले गए मुकाबले को 106 रन से जीत लिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। भारत की जीत के हीरो जसप्रीत बुमराह रहे। जिन्होंने 9 विकेट लेकर इंग्लैंड टीम की कमर तोड़ दी। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। भारत ने इंग्लैंड के सामने 399 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में इंग्लिश टीम की दूसरी पारी 292 रन पर सिमट गई। भारतीय टीम ने यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक की बदौलत पहली पारी में 396 रन बनाए थे। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 253 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत को पहली पारी में 143 रनों की बढ़त मिली। टीम इंडिया ने दूसरी पारी में गिल के शतक के दम पर 255 रन बनाए और इंग्लैंड के सामने 399 रनों का लक्ष्य रखा। फिर इंग्लिश टीम को 292 पर समेट दिया।



जसप्रीत बुमराह

### पैतृक गांव अटारी पहुंचे CM का स्वागत



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पद भार संभालने के करीब डेढ़ महीने बाद सोमवार को पहली बार अपने पैतृक गांव अटारी पहुंचे। क्षेत्र के निवासियों ने मुख्यमंत्री का दिल खोल कर स्वागत किया। छतों पर चढ़े महिला, पुरुष और बच्चों ने फूल बरसाकर उनका भव्य स्वागत किया तो भाव-विभोर हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नंगे पांव ही पूरे गांव की परिक्रमा कर ग्रामीणों का अभिवादन स्वीकार किया। ■ विस्तृत समाचार पेज 2 पर

---

### जेएलएफ में सत्र-प्रणब माय फादर: अ डॉटर रिमेंबर्स

# पूर्व PM मनमोहन सिंह को मिलना चाहिए भारत रत्न सम्मान: शर्मिष्ठा मुखर्जी

- मेरे बीजेपी में जाने की बात अफवाह... मैं हार्ड कोर कांग्रेसी हूं
- मेरे पिता इंदिरा गांधी के अंधभक्त थे, वे उनकी मेंटर थीं
- कांग्रेस में किसी गैर गांधी को मौका मिलने की बात पर जताई सहमति

बेधड़क | जयपुर

पूर्व राष्ट्रपति शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह ने भारत की इकोनॉमी को बेहतर बनाने में अहम योगदान दिया है। उन्हें 'भारत रत्न' मिलना चाहिए। मेरे पिता उनका काफी सम्मान करते थे और वे भी उनका बहुत रिस्पेक्ट करते थे। उन्होंने बताया, 'मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बनने के बाद भी मेरे पिता को 'सर' बोलकर संबोधित करते थे। हालांकि, इस पर मेरे पिता ने भी कई बार आपत्ति जताई थी।' शर्मिष्ठा मुखर्जी सोमवार को जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के पांचवें दिन सोमवार को एक सत्र को सम्बोधित कर रही थीं।

शर्मिष्ठा ने स्पष्ट किया कि मेरे बीजेपी में जाने की बात अफवाह है, मैं कहीं नहीं जा रही हूं। मैं हार्ड कोर कांग्रेसी हूं। मुखर्जी ने कांग्रेस के 'बेहतर भविष्य के लिए किसी गैर गांधी को मौका मिलना चाहिए?' के सवाल पर कहा- हां।



### मेरे पिता इंदिरा गांधी से बहुत प्रभावित थे

उन्होंने इंदिरा गांधी और प्रणब मुखर्जी के संबंधों के बारे में बताया कि मेरे पिता इंदिरा गांधी से बहुत प्रभावित थे। उन्होंने उनके जीवन में जो कुछ भी सीखा इंदिरा गांधी से सीखा था। इंदिरा गांधी मेरे पिता की मेंटोर रही। मेरे पिता के पहनावे से लेकर उनके बोलने तक में उनका हाथ होता था। मेरे पिता इंदिरा गांधी के अंधभक्त थे। इंदिरा गांधी ने मेरे पिता के इंग्लिश एक्सेंट (बंगाली) को लेकर आपत्ति जताई थी, तब मेरे पिता ने नए सिरे से अंग्रेजी सीखी।

### RSS के कार्यक्रम में बताई कांग्रेस की विचारधारा

कांग्रेस नेता शर्मिष्ठा मुखर्जी ने बताया कि एक बार मेरे पिताजी नागपुर जा रहे थे। उस समय में कांग्रेस में सक्रिय थी, तो मैंने उन्हें उनके आरएसएस के कार्यक्रम में जाने पर आपत्ति जताई थी, जिस पर उन्होंने मुझे समझाया था कि आरएसएस के कार्यक्रम में मैं कांग्रेस की विचारधारा बताने गया और वहां मैंने पंडित नेहरू की सोच सबके बीच रखी।

### कमजोर सरकार से विपक्ष होना बेहतर

शर्मिष्ठा ने कहा कि यूपीए के दौरान मेरे पिता ने सोनिया गांधी से कहा था कि एक कमजोर सरकार की जगह विपक्ष में होना ज्यादा बेहतर होता। मेरे पिता होते तो कांग्रेस के मौजूदा हालत से काफी परेशान होते। यह सिर्फ उनके ही नहीं, हर कांग्रेसी नेता के मन के हालात हैं। फिलहाल जो हालत है, उस से मुझे भी परेशानी है।

## जरूरी खबर

### मुहाना वेटलैंड को बनाएंगे पर्यटन स्थल: वन मंत्री



**जयपुर।** मुहाना वेटलैंड बीड में जयपुर पक्षी पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वनमंत्री संजय शर्मा व विधायक कैलाश वर्मा रहे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री एवं स्थानीय विधायक ने विचार रखे और पक्षियों व वन्यजीवों के प्रति जागरुकता का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने घर पर एक-एक पौधा रोपित करने का संकल्प दिलाया। वन मंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में अपार संभावनाओं को देखते हुए इस क्षेत्र को बेहतरीन पर्यटन स्थल के रुप में विकसित किया

### जयपुर में आज से 29 रुपए किलो मिलेगा चावल

**जयपुर।** केंद्र सरकार जनता को आटा, दाल, टमाटम, प्याज के बाद अब चावल भी रियायती दरों पर देने जा रही है। इसकी शुरुआत मंगलवार से जयपुर में की जाएगी। जयपुर में 5-7 वैन लगाकर इसकी बिक्री शुरू होगी। ये शुरुआत शाम को 22 गोदाम स्थित नेहरू सहकार भवन से की जाएगी। एनसीसीएफ के शाखा प्रबंधक राकेश भूरिया ने बताया कि अच्छी क्वालिटी का साबूत चावल 29 रुपए किलोग्राम में लोगों को उपलब्ध करवाया जाएगा। चावल 5 और 10 किलोग्राम पैक में होंगे। एक व्यक्ति को अधिकतम 20 किलोग्राम चावल दिए जाएंगे। सरकार की ओर से अभी आटा 27.50 रुपए प्रति किलो, जबकि चना दाल 60 रुपए किलो की दर से उपलब्ध करवाया जा रहा है।

### 5 हजार प्रबोधकों की पदोन्नति का प्रस्ताव मंजूर



**जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सोमवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में 5 हजार प्रबोधकों की पदोन्नति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। प्रबोधक लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे। अब यह प्रस्ताव वित्तीय स्वीकृति के लिए वित्त मंत्रालय के पास जाएगा। बैठक में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बीकानेर शिक्षा निदेशालय में 65 से अधिक शिक्षको के लंबे समय से बाबू का काम करने पर नाराजगी जताते हुए इनके पदस्थापन निरस्त करने के निर्देश दिए। शिक्षा मंत्री ने कहा की इन 65 लोगो में 19 व्याख्याता और 20 से अधिक सेकंड ग्रेड शिक्षक हैं। ये स्कूल में बच्चों को पढ़ाने की बजाय बाबू का काम कर रहे हैं। 5 साल से अधिक के पदस्थापित शिक्षकों को उनके मूल स्थान पर भेजा जाएगा।

## विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का गुजरात दौरा, गुजरात विधानसभा व पर्यटन स्थलों का किया अवलोकन

# गुजरात हमारा पड़ोसी ही नहीं, एक-दूसरे के पूरक: देवनानी

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को गुजरात के गांधी नगर में स्थित विधानसभा भवन में मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल और स्पीकर शंकर भाई चौधरी से मुलाकात की। देवनानी के सम्मान में मुख्यमंत्री पटेल व स्पीकर चौधरी ने दोपहर भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर गुजरात मंत्री मंडल के सदस्य मौजूद थे।



देवनानी ने गुजरात विधानसभा का अवलोकन भी किया। उन्होंने सदन और विभिन्न दीर्घाओं को देखा। देवनानी ने चौधरी से विधानसभा की कार्यप्रणाली से संबंधित विषयों, मूलभूत सुविधाओं, ऑनलाइन सिस्टम और सुरक्षा पर चर्चा की। देवनानी ने वन-नेशन-वन एप्लीकेशन के तहत गुजरात विधानसभा में संचालित 'नेवा' एप के बारे में भी चौधरी से विस्तार से चर्चा की। इस ऐप के तहत गुजरात विधानसभा के प्रत्येक विधायक की टेबल पर स्क्रीन लगाया गया है।

देवनानी ने विधानसभा की ऑनलाइन प्रक्रिया और कार्रवाई के संचालन को देखा। प्रश्न काल के दौरान देवनानी गुजरात विधानसभा में रहे। देवनानी ने विधानसभा में राम मंदिर के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अभिनंदन संकल्प पर चल रही बहस को सुना।

देवनानी ने दो घंटे से अधिक विधानसभा की कार्रवाई को देखा। देवनानी ने मुलाकात के दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल और विधानसभा अअध्यक्ष चौधरी को 'राम फिर लौटे' पुस्तक की प्रति भी भेंट की। इस मौके पर राजस्थान विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने ने गुजरात विधानसभा के सचिव से विधानसभा की ऑनलाइन प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली।

### पटेल और चौधरी को राजस्थान आने का न्योता

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी को गुजरात विधानसभा अध्यक्ष चौधरी ने विधानसभा परिसर का भ्रमण कराया। विधानसभा की एक गैलेरी में महापुरुषों के तैल चित्र लगे हुए थे। चौधरी ने देवनानी को विधानसभा के बारे में जानकारी दी। देवनानी ने गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल और स्पीकर चौधरी को राजस्थान आने का निमंत्रण दिया।

### देवनानी ने पर्यटन स्थलों का किया भ्रमण

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने गुजरात के पर्यटन स्थलों को भी देखा। इस दौरान देवनानी ने कहा कि राजस्थान और गुजरात पड़ोसी राज्य होने के साथ-साथ एक-दूसरे के पूरक भी हैं। दोनों राज्यों से लोग एक-दूसरे राज्य में लगातार पर्यटन स्थलों को देखने जाते रहते हैं। देवनानी ने महात्मा गांधी की स्मृति में 34 बीघा क्षेत्रफल में बनाए गए पर्यटन और सेमिनार स्थल महात्मा मंदिर को भी देखा।

### सिंधी म्यूजियम के लिए जताया आभार

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी को गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल ने बताया कि गुजरात में सिंधी म्यूजियम का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए बजट में प्रावधान किया गया है। देवनानी ने सिंधी म्यूजियम के बनाए जाने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए पटेल को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि कहा कि गुजरात सरकार का यह रचनात्मक प्रयास बेहद सराहनीय है।

## मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार भरतपुर पहुंचे भजनलाल

# किसानों की खुशहाली मेरी पहली प्राथमिकता: सीएम

## नंगे पैर की गांव की परिक्रमा, माता-पिता का लिया आशीर्वाद

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश सरकार के मुखिया बनने के बाद पहली बार मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा अपने पैतृक गांव पहुंचे तो ग्रामीणों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। हजारों की संख्या में लोगों ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पदभार संभालने के करीब डेढ़ माह बाद सोमवार को पहली बार अपने पैतृक गांव अटारी पहुंचे थे। इस दौरान छतों पर चढ़े महिला, पुरुष और बच्चों ने फूल बरसा कर उनका भावभीना स्वागत किया। आत्मीय स्वागत से अभीभूत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नंगे पांव ही पूरे गांव की परिक्रमा कर ग्रामीणों का अभिवादन स्वीकार किया। स्वागत के बाद मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार आमजन की सरकार है। मैं स्वयं किसान परिवार से आता हूं, किसान की पीड़ा को मैंने करीब से देखा है। उन्होंने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाकर खुशहाल बनाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। सरकार बनने के बाद इस दिशा में काम करते हुए हमने गेंहू खरीद पर समर्थन मूल्य की राशि बढ़ाने, किसान सम्मान निधि में वृद्धि जैसे किसान हितैषी फैसले किए हैं। उन्होंने कहा कि किसान के जीवन को उन्नत बनाने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है।



### मंदिरों में किए दर्शन

मुख्यमंत्री ने अपने पैतृक निवास पहुंचकर माता-पिता का आशीर्वाद भी लिया। शर्मा ने पैतृक गांव में पारिवारिक लोक देवताओं के थान, चामुंडा माता मंदिर में दर्शन किए और गांव में स्थित डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। इससे पहले शर्मा ने बछामदी स्थित बिहारीजी मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, विधायक जगत सिंह, शैलेश सिंह, नौक्षम चौधरी, पूर्व विधायक बच्चू सिंह बंशीवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### ईआरसीपी को पांच साल में करेंगे पूरा

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि एकीकृत ईआरसीपी परियोजना को हर हाल में पांच साल में पूरा किया जाएगा। ईआरसीपी परियोजना के माध्यम से पूर्वी राजस्थान को पेयजल और सिंचाई के लिए भरपूर पानी उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए हमने उज्ज्वला योजना सहित चयनित बीपीएल परिवार की महिलाओं को 450 रुपए में एलपीजी सिलेंडर देने का फैसला किया है। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की हर गारंटी को हम पूरा करेंगे।

### पेपरलीक के दोषियों को मिलेगी सजा

मुख्यमंत्री ने कहा कि गत वर्षों में पेपरलीक की घटनाओं से प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ। हमने इन मामलों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है और इन मामलों में दोषी एक-एक व्यक्ति को सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं और सरकार प्रदेश में किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी और आपराधिक तत्वों को बर्दाश्त नहीं करेगी।

## पुलिस मुख्यालय में हुई सेमिनार

# पुलिसकर्मियों को मिली नए कानूनों की जानकारी



**बेधड़क** | जयपुर

पुलिसकर्मियों को नए एवं संशोधित कानूनों के तहत की जानी वाली कार्रवाई का प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय में सेमिनार का आयोजन किया गया। सुबह 9.30 बजे से 10 बजे तक नए कानूनों पर संसद में गृह मंत्री के प्रलेखित भाषण का वीडियो दिखाया गया।

इसके बाद 10 से 10.40 बजे तक 'क्या साथ आया है और क्या पीछे छोड़ दिया गया है' विषय पर राजीव गांधी राष्ट्रीय विधि विवि पटियाला (पंजाब) के एसोसिएट प्रो. मनोज कुमार शर्मा ने नए कानून को लेकर विचार रखे। सेमिनार में डीजीपी राजस्थान, सुप्रीम कोर्ट के वकील निशीथ दीक्षित, मेघालय के रिटायर्ड डीजी अतुल कुमार माथुर सहित राजीव गांधी राष्ट्रीय विधि विवि पटियाला के एसोसिएट प्रो. मनोज कुमार शर्मा रहे। इस दौरान पुलिस अधिकारियों को नए कानून का पाठ पढ़ाया गया। उन्हें बताया गया कि कैसे नए कानून से काम होगा। आईपीसी-सीआरपीसी और एविडेंट एक्ट में क्या-क्या बदलाव किए गए हैं।

इसके बाद डीजीपी यूआर साहू ने उद्घाटन सत्र को संबोधन किया। नए कानूनों के बुनियादी बदलाव और क्या हमने प्रौद्योगिकी की अनिवार्यताओं को सही ढंग से समझ लिया है? विषय पर सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट निशीथ दीक्षित ने अपने विचार साझा किए। बीएनएसएस, बीएनएस व बीएसए के नए कानूनों की बारीकियों को समझना, लेकिन न्याय शास्त्र के दर्शन को नहीं भूलना चाहिए विषय पर मेघालय के रिटायर्ड डीजी अतुल कुमार माथुर ने प्रकाश डाला। डीजीपी यूआर साहू ने बताया कि गृह मंत्रालय के निर्देश पर यह सेमिनार देश के हर राज्य की पुलिस कर रही है।

## चिकित्सा मंत्री ने पूर्व सीएम गहलोत की पूछी कुशलक्षेम



*जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह ने सोमवार को सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचकर वहां भर्ती पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की कुशलक्षेम पूछी। उन्होंने चिकित्सकों से गहलोत के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और बेहतर उपचार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।*

## कार्यकर्ताओं की बैठक में कांग्रेस नेताओं ने साधा निशाना

# मोदी सरकार ने नहीं निभाया कोई भी वादा

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस में बैठकों का दौर जारी है। पार्टी के आला नेता प्रदेश के विभिन्न जिलों में जाकर कार्यकर्ताओं से चुनावी रणनीति पर चर्चा कर रहे हैं। साथ ही टिकट के दावेदारों की जमीनी हकीकत भी तलाशी जा रही है।



इसी कड़ी में अलवर लोकसभा की राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ एवं अलवर शहर विधानसभा क्षेत्र में बैठकों का आयोजन किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया की आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर राजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक लक्ष्मणगढ़ व ब्लॉक राजगढ़ में एवं अलवर शहर विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक 'अ' व 'ब' में ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्षों की कार्यकारिणी सहित कार्यकर्ताओं की मीटिंग आयोजित की गई। कांग्रेसजनों ने अलवर लोकसभा के कांग्रेस कमेटी समन्वयक धर्मेंद्र राठौड़ एवं जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा का साफा व माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मजबूत होती है तो देश में लोकतंत्र और संविधान को मजबूती मिलती है। जिन मुद्दों पर भाजपा ने सत्ता प्राप्त की उन पर पर मोदी सरकार विफल है। प्रधानमंत्री मोदी ने मार्केटिंग को हथियार बनाकर बड़े-बड़े सपने दिखाकर महंगाई, युवाओं को रोजगार आदि जैसे मुद्दों को गौण कर दिया।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार राजनीतिक प्रतिशोध का कार्य कर रही है। देश की अखंडता को बनाए रखने में कांग्रेस पार्टी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## स्कोलियोसिस क्लिनिक हुआ शुरू

# अब SMS अस्पताल में हो सकेगा रीढ़ की हड्डी के टेढ़ेपन का इलाज

■ प्रदेश में पहली बार सरकारी अस्पताल में मिली यह सुविधा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के सबसे बड़े एसएमएस अस्पताल की सेवाओं में दिन प्रतिदिन विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब अस्पताल में अस्थि रोग विभाग की ओर से स्कोलियोसिस क्लिनिक की शुरुआत की गई है। इस क्लिनिक में काईफो-स्कोलियोसिस (रीढ़ की हड्डी के टेढ़ेपन) की बीमारी से ग्रसित मरीज इलाज करवा सकेंगे। प्रदेश के सरकारी अस्पताल में इस तरह का यह पहला क्लिनिक है। क्लिनिक का उद्घाटन कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा और अस्पताल अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने किया। इस क्लिनिक की ओपीडी हर सोमवार को अस्पताल के धनवंतरी ओपीडी ब्लॉक में पहली मंजिल पर संचालित की जाएगी। क्लिनिक के शुरू होने से इस समस्या से परेशान मरीजों को इलाज के लिए दिल्ली या दूसरे शहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें सरकारी अस्पताल में ही अनुभवी डॉक्टरों से बेहतर इलाज मिल सकेगा। बीमारी से ग्रसित मरीज इंश्योरेंस बीमा स्कीम से मुफ्त में इलाज ले सकेंगे।



### काइफो-स्कोलियोसिस के कई कारण

अस्पताल के डॉ. अवतार सिंह बालावत ने बताया कि क्लिनिक में रीढ़ हड्डी के टेढ़ेपन यानि काइफो-स्कोलियोसिस बीमारी से ग्रसित मरीजों का इलाज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि काइफो-स्कोलियोसिस बीमारी होने के कई कारण कारण हैं। इनमें जन्मजात, इडियोपेथिक्र, सिंड्रोमिक और डिजेनेरेटिव आदि शामिल है। अगर मरीज समय पर इलाज नहीं लेता है तो मरीज की रीढ़ की हड्डी में टेढ़ेपन में बढ़ोतरी लगातार होती जाती है और ये कुबड़ का रूप ले लेती है। मरीज को सांस लेने में दिक्कत होने की आशंका रहती है। साथ ही जैसे-जैसे उम्र बढ़ती जाती है इसका इलाज जटिल हो जाता है। इस तरह के ऑपरेशन का खर्चा भी काफी ज्यादा होता है।

### अब दिल्ली जाने की जरूरत नहीं

अस्पताल के मीडिया प्रभारी डॉ. देवेंद्र पुरोहित ने बताया कि अस्पताल में पहले इस बीमारी के इलाज की सुविधा नहीं होने पर मरीजों को इलाज के लिए दिल्ली और दूसरे शहरों को जाना पड़ता था, लेकिन अब इस बीमारी का सुलभ इलाज एसएमएस अस्पताल में ही मुफ्त में मिल सकेगा। क्लिनिक में इस बीमारी के मरीजों की जांच सुविधा भी रहेगी।

### इधर, जेके लॉन में यूनिट बढ़े तो मिले मरीजों को फायदा

राजधानी के जेके लोन अस्पताल में स्टाफ की कमी और डॉक्टरों की यूनिट नहीं बढ़ने से व्यवस्थाएं चरमरा रही है। हालात ये हैं कि मरीजों की संख्या ज्यादा और डॉक्टर की संख्या सीमित रहने से मरीजों को उचित परामर्श नहीं मिल रहा है। एक-एक यूनिट में निर्धारित संख्या से ज्यादा बेड़ होने से मरीजों को परेशानी हो रही है। पूरे हॉस्पिटल में 11 यूनिट्स (7 मेडिकल और 4 सर्जिकल) संचालित हैं, जबकि बेड्स की संख्या 780 से ज्यादा है। यानी औसतन हर एक यूनिट में बेड़ की संख्या 70 के करीब है। अस्पताल में रोजाना 150 बच्चों की आईपीडी रहती है और सीजनल बीमारियों के समय 200 तक रहती है। इसके चलते हालात ये होते हैं कि यूनिट हेड एक दिन में भर्ती सभी मरीजों को अटेंड ही नहीं कर पाते। जबकि एनएमएस के सितंबर-2023 में एक नए नियम के अनुसार पीडियाट्रिक्स विभाग की एक यूनिट में कम से कम 16 जबकि ज्यादा से ज्यादा 40 बेड होने चाहिए। जबकि जेके लोन हॉस्पिटल में एक यूनिट में बेड की संख्या औसतन 70 है।

## झलकियां











**जयपुर।** जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के अंतिम दिन सोमवार को जहां साहित्य की बयार बहती रही, वहीं इसको सुनने और फेस्ट देखने पहुंचे जयपुराइट्स एंजॉय भी करते नजर आए। सेल्फी का सबसे ज्यादा चार्म गर्ल्स में देखा गया। साथ ही उन्होंने ग्रुप्स में फोटोज भी करवाए। कुछ लोग कोरोना से बचाव में मास्क लगाए नजर आए। फेस्टिवल में फैशन के भी कई रंग देखने को मिले। सारा दिन फेस्टिवल में घूमने के बाद कुछ आराम भी करते नजर आए।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**JLF-2024: 'क्लोजिंग डिबेट' में 'फ्री स्पीच विल सर्वाइव सर्वाइवलेंस टेक्नोलॉजी एंड प्राइवेसी इन्वेजन' पर चर्चा**

# भविष्य खुले हाथों से लिखा जाता है, हाथ बांधकर के नहीं

**बेधड़क** | जयपुर

मोहित सत्यानंद ने कहा कि बिना फ्री स्पीच के ये जेएलएफ भी नहीं होता। भविष्य खुले हाथों से लिखा जाता है, हाथ बांधकर आप भविष्य नहीं लिख सकते। माहित लिटरेचर फेस्टिवल की 'क्लोजिंग डिबेट' में 'फ्री स्पीच विल सर्वाइव सर्वाइवलेंस टेक्नोलॉजी एंड प्राइवेसी इन्वेजन' पर चर्चा में बोल रहे थे।

उनके साथ डिबेट में पवन के वर्मा, वर्गीज के जार्ज, पिंकी आनंद, अमिया श्रीनिवासन, मार्कस डू सौतेय, स्वाति चतुर्वेदी भी थे। सत्र का संचालन वीर सांघवी ने किया। मोशन के विपक्ष में ऑक्सफोर्ड के शिक्षाविद मार्कस दू सौतोय ने कहा कि डिजिटल मोबिंग के समय में अपनी बात कहना बहुत मुश्किल है। यह तकनीक डर का माहौल पैदा कर रही है। यहां आप कुछ कहते या पोस्ट करते हैं और तुरंत ही उसके नतीजे भुगतने पड़ते हैं।







### निगरानी हमारी सुरक्षा के लिए

मोशन के पक्ष में वकील पिंकी आनंद ने कहा कि आज के समय में सबके पास फोन हैं, टैब हैं और किसी न किसी तरह से हमारी निगरानी भी हो रही है, लेकिन एक मायने में वो हमारी सुरक्षा के लिए ही है। तकनीक की वजह से ही निर्भया के मुजरिम पकड़े गए। मोशन के विपक्ष में हिंदू के रेजिडेंट एडिटर और लेखक वर्गीस के.जॉर्ज ने कहा कि हर चीज की एक कीमत होती है। फ्री स्पीच से पहले आपको मुक्त रूप से सोचने की जरूरत होती है। आज के समय में कुछ खास ग्रुप आपके सोचने की क्षमता को प्रभावित कर रहे हैं। जब भी आप अपने मन की बात कहते हैं, तभी आप पर प्रतिबंध लगा दिए जाते हैं।

### तकनीक फ्री स्पीच को रोक नहीं सकती

मोशन के पक्ष में ऑक्सफोर्ड की शिक्षाविद अमिया श्रीनिवासन ने कहा कि यह हमारे ऊपर है, हम लोकतान्त्रिक देश के नागरिक हैं। फ्री स्पीच की कीमत को बहुत देर से जाना गया है। कोई तकनीक या कोई निगरानी अब फ्री स्पीच को रोक नहीं सकते।

### ... तुम्हीं कहो ये अंदाजे गुफ्तगू क्या है?

मोशन के विपक्ष में राजनेता और लेखक पवन के. वर्मा ने कहा कि थ्योरी अलग है और प्रैक्टिकल अलग है। हम किसी काल्पनिक भविष्य की बात नहीं कर रहे हैं, हम वर्तमान की बात कर रहे हैं। वर्तमान में आपकी सारी कॉल्स, सारे कम्युनिकेशन को मॉनिटर किया जा सकता है। लोग अब व्हाट्सएप पर बात करने से डरते हैं। यहां मैं गालिब को उद्धत करना चाहूंगा, 'हरेक बात में कहते हो तुम कि ये क्या है, तुम्हीं कहो कि ये अंदाजे गुफ्तगू क्या है?

**पुलिस फाइल: मुंबई की पूर्व पुलिस कमिश्नर मीरा बोरबंकर लिटरेचर फेस्टिवल में बोलीं...**

# जेंडर मायने नहीं रखता, काम के अनुभव से मिलती है जिम्मेदारी



सभी फोटो: पंकज शर्मा

**बेधड़क** | जयपुर

मुंबई की पूर्व पुलिस कमिश्नर मीरा बोरबंकर ने कहा कि मेरे मेरे काम के अनुभव के कारण ही मुंबई ने मुझे एक लीडर के रूप में एक्सेप्ट किया ना कि एक वूमेन लीडर के तौर पर। कुछ हद के बाद हमारा जेंडर कोई मायने नहीं रखता। हमारी लीडरशिप क्वालिटी और नॉलेज ऑफ इन्वेस्टिगेशन इंपोर्टेंट हो जाता है। सभी अधिकारियों को दिख रहा था कि मुझे इन्वेस्टिगेशन अच्छे से आती है। किसी भी केस को फ्रंट से लीड करती हूं। इसलिए मुझे मुंबई जैसे शहर ने स्वीकार किया।

बोरबंकर जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के आखिरी दिन मुगल टेंट में 3 से 3:50 बजे तक आयोजित सत्र 'पुलिस फाइल्स' पर भारत के पूर्व विदेश सचिव विकास स्वरूप के साथ बातचीत कर रही थीं। उनके साथ पूर्व पुलिस अधिकारी और प्रयास एनजीओ के फाउंडर अमोद के कांत, दिल्ली पुलिस के पूर्व आयुक्त नीरज कुमार भी सत्र में मौजूद थे। गौरतलब है कि तीनों ही ऑफिसर्स ने अपने कार्यकाल के दौरान कई ऐसे हाई प्रोफाइल केसेस को सॉल्व किया, जिनमें बॉलीवुड एक्टर से लेकर अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम तक के नाम शामिल थे।

### ऑर्गेनाइज्ड होती है करोड़ों की बैटिंग

दिल्ली पुलिस पूर्व कमिश्नर नीरज कुमार ने बताया कि आईपीएल मैच के दौरान जब लोगों की नजर टीवी स्क्रीन पर होती है। कई लोग परिवार के साथ बैठकर मैच देखते और किसी टीम के जीत या हार की भविष्यवाणी करते हैं। इसी तरीके का सट्टा बाहर भी लगता है। मैच के दौरान जगह-जगह पर सट्टेबाजी की घटनाएं सामने आती हैं। मैच के जरिए हजारों-करोड़ की बैटिंग की जाती है। आईपीएल में बैटिंग एक सामान्य सी बात हो गई है। ये सब बहुत ही ऑर्गेनाइज्ड तरीके से होता है। इसे हमने अपने इन्वेस्टिगेशन के दौरान प्रूफ भी किया।



### संजू को भी अपराधियों वाला ट्रीटमेंट


बोरबंकर ने कहा कि जब मैं मुंबई क्राइम ब्रांच तक पहुंची। उस वक्त तक दो बड़े जिलों को हैंडल कर चुकी थी। सतारा में मैं जिला पुलिस प्रमुख रह चुकी थी। उन्होंने बताया कि मुंबई को एक समय में क्राइम की राजधानी कहा जाता था। संजय दत्त जब जेल में आए तो उन्हें समझ में आ गया था कि अगर वो ठीक से व्यवहार नहीं करेंगे तो उन्हें पेरोल नहीं मिल पाएगी। उन्होंने बहुत अच्छे से व्यवहार किया। मीडिया ने खूब इस पर मॉनिटर किया कि उन्हें किसी भी प्रकार की सहूलियत न दी जाए। मैं ये कहना चाहूंगी कि महाराष्ट्र जेल में संजय दत्त को वही ट्रिटमेंट दिया गया, जो हम बाकी अपराधियों को देते हैं।

### मैं खतरे की सूचना दे रही थी और वो...

उन्होंने बॉलीवुड और पॉलिटिकल प्रेशर पर भी बात की। उन्होंने बताया कि पॉलिटिशियन क्राइम ब्रांच के काम में थोड़ा कम इंटरफेयर करते है। मेरी डयूटी के दौरान की एक घटना बताना चाहती हूं। बॉलीवुड में कई बार धमकियों के मामले सामने आते हैं। हमें पता चला कि उस समय के एक बहुत बड़े प्रोड्यूसर डायरेक्टर को धमकियां मिल रही थी। वो प्रोड्यूसर हमारे डीसीपी का फोन नहीं उठा रहे थे। जब मैंने उनको फोन पर बताया कि आपकी जान को खतरा है। हमारी इन्फॉर्मेशन के हिसाब से नीचे शूटर्स तैयार बैठे हैं। वे इसकी गंभीरता समझने की जगह मुझे बोले मेडम मैं आप पर पिक्चर बनाना चाहता हूं।

**'द नरेटिव आर्क' सत्र**

# अपने अहंकार को लेखक के अधीन बनाना होगा



**बेधड़क** | जयपुर

सत्र 'द नरेटिव आर्क' में अनुभवी लेखिका मृदुला गर्ग और साहित्यिक कार्यकर्ता और अनुवादक, कल्पना रैना ने अपनी शानदार साहित्यिक यात्राओं और अनुवादों में प्रतिष्ठित योगदान पर बात की। अनुवाद की शक्ति के बारे में बोलते हुए गर्ग ने कहा कि अनुवाद भी सृजन है। यह लिखने जैसा ही है कि आपको अपने अहंकार को लेखक के अधीन बनाना होगा। रैना ने 'वड्र्स विदाउट बॉर्डर्स' के बारे में बात की जो उन लोगों को एक मंच प्रदान करता है, जिनके पास अंग्रेजी भाषी दुनिया में कोई आवाज नहीं है।

### गेम में कहानी से अधिक निभानी पड़ती है सक्रिय भागीदार

**जयपुर।** 'अराउंड द वर्ल्ड इन एट्टी गेम्स' सत्र में लेखक, गणितज्ञ और विज्ञान की सार्वजनिक समझ के प्रोफेसर मार्कस डू सौतोय की नई किताब, अराउंड द वर्ल्ड इन एट्टी गेम्स पर चर्चा हुई। इसमें उन्होंने खेलों की उत्पत्ति की खोज करते हुए दुनिया भर की यात्रा की और समझा कि क्या उन्हें आकर्षक बनाता है। सौतोय ने कहा कि मुझे लगता है कि खेल और कहानियों में बहुत कुछ समान है, उनमें एक तरह का नाटक होता है। एक शुरुआत, एक मध्य और एक अंत लेकिन मुझे लगता है कि खेल विशेष हैं। एक कहानी आपको दुखी कर सकती है, लेकिन एक गेम के नतीजे आपके एक्शन पर निर्भर होते हैं। गेम में आप कहानी से अधिक सक्रिय भागीदार होते हैं।

## खेल महिलाओं को देते हैं आगे बढ़ने की वैधता

**बेधड़क** | जयपुर



'द डे आई बिकेम ए रनर' सत्र में पुरस्कृत पत्रकार, सोहिनी चट्टोपाध्याय ने अपनी नई किताब, द डे आई बिकम ए रनर पर चर्चा की, जो 1940 के दशक से लेकर स्वतंत्र भारत के वर्तमान क्षणों तक आठ महिला एथलीटों की कहानी प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि मैं नौ महिला एथलीटों के माध्यम से 1940 के दशक के उत्तरार्ध से लेकर वर्तमान क्षण तक भारत की एक कहानी बताती हूं। यह खेल के माध्यम से भारत की महिलाओं का इतिहास है, क्योंकि खेल महिलाओं को आगे बढ़ने की वैधता देते हैं, घर के निजी क्षेत्र से सार्वजनिक क्षेत्र की दहलीज तक। चट्टोपाध्याय ने भारतीय शहरों में विशेषकर महिलाओं के लिए दौड़ने की घटिया स्थितियों पर चिंता व्यक्त की। चट्टोपाध्याय द्वारा देश भर में एथलीटों के लिए मजबूत बुनियादी ढांचे और निवेश की आवश्यकता पर जोर देने के साथ सत्र का समापन हुआ।

**साहित्यिक मैराथन का शानदार समापन**

# संस्मरण से लेकर स्पोर्ट्स, हिस्ट्री और माइग्रेशन पर हुआ गंभीर मंथन

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2024 में पांच दिन तक गुलाबी नगरी साहित्य के सागर में गोते लगाती रही। पांचवें दिन अंतिम मंथन के साथ ही सोमवार को जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल रूपी साहित्यिक मैराथन का शानदार समापन हुआ।

होटल आमेर क्लार्क्स में आयोजित किए गए फेस्टिवल में पांच दिन तक संस्मरण से लेकर स्पोर्ट्स, हिस्ट्री से माइग्रेशन और फूड से लेकर कई विषयों पर बातें हुईं। विशेषज्ञों ने संबंधित विषयों पर अपनी बेबाक राय रखी। कई सत्रों में नए लेखक लोगों से रू-ब-रू हुए तो कई सत्रों में नई किताबें भी लोगों के हाथों में पहुंची। लेखकों ने न केवल अपनी किताबों के बारे में बात की बल्कि समासामयिक मुद्दों पर भी अपनी बात कही। अंतिम सुबह की शुरुआत सप्तक चटर्जी के प्रदर्शन के साथ हुई, जो तीसरी पीढ़ी के हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक थे। उन्होंने अपने शास्त्रीय वायलिन से मधुर धुनें बजाईं।



### हम अक्सर भूल जाते हैं कि हमारे सभी पूर्वज प्रवासी थे

'माइग्रेंट्स: इंटरकनेक्शंस अक्रॉस टाइम' सत्र में न केवल मनुष्यों, बल्कि पौधों और पशु प्रजातियों के प्रवासन पैटर्न और आदतों की चर्चा हुई। पूर्व बीबीसी संवाददाता और लेखक, सैम मिलर ने बताया कि सीमाएं, पासपोर्ट और वीजा हाल ही में ईजाद हुए हैं और मनुष्यों की आवाजाही का इतना राजनीतिकरण भी नया ही है। उन्होंने कहा कि हम अक्सर भूल जाते हैं कि हमारे सभी पूर्वज प्रवासी थे। लेक्चरार और लेखक, सुरेशकुमार मुथुकुमारन ने सीमाओं के पार जाने वाली फसलों और पौधों की भूमिका के बारे में जानकारी प्रदान की, और यह भी बताया कि इसने व्यापार व राजनीतिक संबंधों को कैसे प्रभावित किया है।

### दिल्ली के इतिहास पर दिलचस्प चर्चा

सत्र 'शाहजहानाबाद: ऑन देल्ही'स ब्रोकन हिस्ट्री' में तीन इतिहासकारों, स्वप्ना लिडल, राणा सफवी और विलियम डेलरिम्पल ने शाहजहानाबाद/दिल्ली के इतिहास पर दिलचस्प चर्चा की। इतिहासकार और लेखिका स्वप्ना ने कहा कि हाल ही में प्रकाशित मेरी किताब (शाहजहानाबाद) मेरे दिल के काफी करीब है। उस पुस्तक में अकबर द्वितीय और उनके पुत्र बहादुर शाह जफर द्वितीय के जीवनकाल को वर्णित किया गया है। शाहजहां ने 17वीं सदी में शाहजहानाबाद की स्थापना की थी, जो वर्तमान में देश की राजधानी दिल्ली है। लेखिका राणा सफवी ने दिल्ली पर छह किताबें लिखी हैं। उन्होंने कहा कि मुझे अतीत को देखना और वर्तमान में उसकी प्रासंगिकता तलाशना अच्छा लगता है। हाल ही में मेहरौली, दिल्ली में प्रशासन द्वारा गिराई गई मस्जिद के सन्दर्भ में उन्होंने कहा कि उस मस्जिद का नवीनीकरण का कार्य 1983 में हुआ था और वो पुरातत्वविभाग के स्मारक में शामिल थी।

## जरूरी खबर

### भक्त कैसा हो, इसका उत्तम उदाहरण मीरा बाई



**जोधपुर।** सूरसागर चांदपोल स्थित रामद्वारा में गुरु भगवान दास महाराज के बरसी महोत्सव कार्यक्रम के तहत मीरां चरित्र कथा में सोमवार को मीरां की भक्ति पर प्रकाश डाला गया। व्यासपीठ से संत अजब राम महाराज ने कहा कि चित्तौड़ की गद्दी पर विक्रमादित्य के बैठने के बाद मीरां पर बहुत अत्याचार किए गए। चरणामृत बताकर उन्हें विष दे दिया गया, लेकिन उनका विश्वास इतना गहरा था कि विष पीने से भी उन्हें कुछ नहीं हुआ। भक्त कैसा हो इसका उत्तम उदाहरण मीराबाई है।

### ज्वेलरी शॉप से ताले तोड़कर 3 लाख के गहने पार

**सीकर।** जिले के दांतारामगढ़ थाना क्षेत्र में ज्वेलरी शॉप से जेवरात चोरी का मामला सामने आया है। चोर दुकान के ताले तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात चुरा ले गए। अब पीड़ित ज्वेलर ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। चोरी की घटना दांतारामगढ़ कस्बे के पचार गांव में हुई। ज्वेलर श्रीराम सोनी के अनुसार चोर उनकी दुकान से करीब 2.5 से 3 लाख रुपए के जेवरात सहित अन्य सामान चुरा ले गए। चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर बॉक्स भी साथ ले गए। ग्रामीणों का कहना है कि देर रात दुकान के पास स्थित घरों में रहने वाले लोगों को शटर की आवाज भी आई थी।

### दो ट्रोलों में टक्कर के बाद लगी आग, चालक जिंदा जला



**सिरोही।** जिले में रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। कांडला राजमार्ग स्थित कोतवाली थाना क्षेत्र में अंबिका होटल और मांडवा तिराहे के बीच रात करीब 11 बजे दो ट्रोले आमने-सामने टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हादसे के बाद दोनों ट्रोलों के कैबिन में आग लग गई। हादसे में एक ट्रोला चालक जिंदा जल गया। मृतक चालक की पहचान रिंकू पुत्र मूलचंद मीणा निवासी अलवर के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि एक ट्रोले में कोयले का बुरादा भरकर कांडला की ओर से आ रहा था। वहीं चूने की बोरियों से भरा ट्रेलर शिवगंज की ओर से आ रहा था। टक्कर के बाद कोयले के बुरादे से भरा ट्रोला सड़क पर पलट गया और आग लग गई।

## भारतीय वायुसेना का युद्धाभ्यास 17 को, 100 से ज्यादा हवाई जहाजों और मिसाइलों का होगा प्रदर्शन

# धोरों में गरजेगी मिसाइलें, दिखाई देगी देश की हवाई ताकत

**बेधड़क । जैसलमेर**

आगामी दिनों में भारतीय वायु सेना की ताकत धोरों में देखने को मिलेगी। जैसलमेर में स्थित एशिया की सबसे बड़ी सेना की फील्ड फायरिंग रेंज में वायुसेना अपना सबसे बड़ा युद्धाभ्यास करने जा रही है।

17 फरवरी को आयोजित होने वाले इस ढाई घंटे के युद्धाभ्यास में भारतीय वायुसेना अपनी हवाई ताकत से देश-दुनिया को रूबरू कराएगी। इस दौरान कई तरह की मिसाइलों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। भारतीय वायुसेना के वाइस चीफ एयर मार्शल एपी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 साल में एक बार आयोजित होने वाले इस युद्धाभ्यास में 100 से ज्यादा हवाई जहाजों के साथ ही मिसाइलों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। वाइस चीफ एयर मार्शल ने बताया कि युद्धाभ्यास के दौरान भारत के हल्के लड़ाकू विमान तेजस से माइका और आर-73 मिसाइलों की फायरिंग की जाएगी और उनकी मारक क्षमता की जांच की जाएगी।



युद्धाभ्यास की घोषणा करते हुए उन्होंने बताया कि इस युद्धाभ्यास में भारतीय वायुसेना के तेजस, सुखोई, मिराज, जगुआर जैसे फाइटर जेट भाग शामिल होंगे। इसके साथ ही राफेल, प्रचंड, ध्रुव और रुद्र हमलावर हेलिकॉप्टर की ताकत भी देखने को मिलेगी।

### इन हथियारों और हवाई जहाजों का होगा प्रदर्शन

वायुसेना के वाइस चीफ एयर मार्शल एपी सिंह ने बताया कि हर तीन साल में आयोजित होने वाले इस युद्धाभ्यास में 77 फाइटर जेट, 41 हेलिकॉप्टर, 5 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट, तीन तरह के सरफेस-टू-एयर मिसाइलें, 12 यूएवी, हवा से जमीन पर मार करने वाली प्रेसिशन और नॉन प्रेशिसन मिसाइलें, हवा से हवा में मार करने वाली गाइडेड मिसाइलें और सतह से हवा में मार करने वाली गाइडेड मिसाइलों का भी प्रदर्शन होगा।

### आर-73 मिसाइल से गिराया था पाकिस्तान का फाइटर जेट

युद्धाभ्यास के दौरान प्रदर्शित की जाने वाली दो महत्वपूर्ण मिसाइलों में एक आर-73 भी है, जिसे वायुसेना के अधिकारी अभिनंदन वर्धमान ने पाकिस्तानी फाइटर जेट को मार गिराने में उपयोग में लिया था। वीर चक्र से सम्मानित अभिनंदन पाकिस्तानी वायुसेना के विमान से उलझने के बाद लापता हो गए थे। उन्हें हाई शॉट एंगेजमेंट में एक पीएएफ F-16 को नीचे गिराने वाले किल शॉट का श्रेय दिया जाता है। अभिनंदन को पाकिस्तान की ओर से 1 मार्च, 2019 को वाघा सीमा बॉर्डर पर छोड़ दिया गया था।

## यूथ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने किया शुभारंभ, पंजीकरण फॉर्म भरवाए

# ‘डोनेट फॉर न्याय’ अभियान लॉन्च युवा बढ़ाएंगे कांग्रेस की ताकत

**बेधड़क । जैसलमेर**

राजस्थान के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में युवाओं को साथ जोड़कर कांग्रेस अपनी ताकत बढ़ाएगी। इसके लिए सोमवार को युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अभिमन्यु पूनिया ने अजमेर में पहाड़गंज स्थित शीतला माता चौक में ‘डोनेट फॉर न्याय’ अभियान का शुभारंभ किया। साथ ही ‘न्याय दो-रोजगार दो’ अभियान के तहत पंजीकरण फार्म युवाओं से भरवाने की भी शुरुआत की गई। इस दौरान पूनिया ने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि युवाओं को जगाने और मोदी सरकार के झूठे दावों के खिलाफ युवाओं को घर से निकालकर एकजुट करने का काम यूथ कांग्रेस कर रही है। प्रदेश की 200 विधानसभा सीटों पर यह अभियान सोमवार से शुरू किया गया है। पूनिया ने बताया कि राहुल गांधी न्याय यात्रा पूरे देश में निकाल रहे हैं। इसको लेकर यूथ कांग्रेस घर-घर जाने का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि यूथ कांग्रेस ने डोनेट फ़ॉर न्याय अभियान की लॉन्चिंग अजमेर से की है।

इसके तहत युवाओं से 67 रुपए लिए जा रहे हैं। इस राशि को चंदे के रूप में न्याय यात्रा में लगाया जाएगा। अभियान के तहत यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे और मोदी सरकार की विफलताओं को बताएंगे। केंद्र में भाजपा ने सत्ता में आने से पहले करोड़ों युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था, जबकि मोदी सरकार को केंद्र में 9 वर्ष से अधिक का कार्यकाल हो चुका है, इसके बाद भी युवाओं के हाथ खाली हैं।



### अभियान में चलेगी ये गतिविधियां

पूनियां ने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार ने युवाओं, किसानों समेत हर वर्ग को ठगने का काम किया है। इसके तहत यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता घर-घर जाकर युवाओं से न्याय दो-रोजगार दो फॉर्म भरवाकर पंजीकरण करेंगे। अजमेर की दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-19 के बूथ से अभियान की शुरुआत की गई है। पूनियां ने बताया कि हर विधानसभा क्षेत्र से 2 हजार फॉर्म भरवाए जाएंगे। केंद्र की भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर नहीं करने तक यूथ कांग्रेस का यह संघर्ष जारी रहेगा। अभिमन्यु पूनिया ने कहा कि यूथ कांग्रेस का कार्यकर्ता मजबूती के साथ कांग्रेस के लिए खड़ा है। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान में किसी तरह की कोई कमी न हो इसके लिए अभियान की मॉनीटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा में कितने युवा हैं और किस पार्टी के हैं, यह सामने है। सीनियर कांग्रेस नेताओं के मैनेजमेंट में कहीं न कहीं यूथ कांग्रेस का कार्यकर्ता अपने आप को हताहत समझता है, लेकिन अब ऐसा नहीं है। यूथ कांग्रेस ही कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी बनने का काम करेगी।

### छात्रों पर लाठीजार्च का पूर्व सांसद ने जताया विरोध

**बाड़मेर।** राजकीय पीजी कॉलेज के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में रविवार को विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़े जाने के मामले पर बाड़मेर-जैसलमेर के पूर्व सांसद कर्नल सोनाराम चौधरी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने कहा कि 30 साल के राजनीतिक जीवन में उन्होंने विद्यार्थियों पर इस तरह की क्रूर कार्रवाई कभी नहीं देखी। लाठीचार्ज में घायल हुए छात्र से मिलने के लिए कर्नल सोनाराम चौधरी सोमवार को जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल छात्र से कुशलक्षेम पूछी और कॉलेज में हुए घटनाक्रम की जानकारी ली। पूर्व सांसद ने कहा कि विद्यार्थियों की मांग थी कि वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में स्थानीय विधायक एवं जिला प्रमुख को भी बुलाया जाए। प्रजातंत्र में मांग कोई भी कर सकता है, इसलिए कुछ विधार्थी धरना दे रहे थे। उन्होंने बताया कि छात्र को बहुत गंभीर चोट लगी है। छात्र ने बताया है कि हम कॉलेज गेट के आगे 30- 40 स्टूडेंट्स धरना दे रहे थे।

इस दौरान पुलिस आई तो उनके सामने छात्रों ने अपनी बात रखी, लेकिन पुलिस ने छात्रों के साथ मारपीट शुरू कर दी। पूर्व सांसद ने कहा कि धरना और आंदोलन होते रहते हैं, पुलिस का काम उसको रोकना और शांति व्यवस्था बनाए रखना होता है, लेकिन पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़ दिए, सिर पर लाठियां मार दी, जो ठीक नहीं है। सोनाराम ने कहा कि छात्रों के साथ बहुत अत्याचार हुआ है। पुलिस ने उल्टा इन पर राजकार्य में बाधा के मुकदमे दर्ज कर दिए हैं, यह प्रशासन की तानाशाही है। पूर्व सांसद ने छात्रों पर लगे मुकदमे वापस लेने की मांग उठाई है।

## नागौर में गरजा बुलडोजर

# अंगोर भूमि पर बना हत्या के आरोपी का घर जमींदोज



**बेधड़क । नागौर**

प्रदेश की भजनलाल सरकार में भी अब यूपी की तर्ज पर अपराधियों के हौसले पस्त करने के लिए बुलडोजर गरजने लगा है। सोमवार को नागौर पुलिस ने नाबालिग छात्र की हत्या के आरोपी के घर को बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिया गया। एसडीएम सुनील कुमार, नागौर सीओ ओम प्रकाश और तहसीलदार की मौजूदगी में कस्बे में अंगोर भूमि पर बने आरोपी बबलू के मकान को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

गौरतलब है कि आरोपी बबलू ने छात्र यशराज की हत्या कर गोबर के ढेर में शव को दबा दिया था। राजस्थान में मर्डर पर कोर्ट से फैसला आने से पहले भजनलाल सरकार ने अपराधियों में खौफ पैदा करने के लिए अपराधी के मकान पर बुलडोजर चलाने का यह पहला मामला है। जानकारी के अनुसार नागौर की सेंट पॉल स्कूल की 11वीं कक्षा का छात्र यशराज नाइक (17) का शव शुक्रवार, 2 फरवरी को बलदेवराम संत नगर स्थित पानी की टंकी के पास बोरे में मिला था। यशराज 19 जनवरी से लापता था।

यशराज की मौत के बाद उसके पिता पुखराज नायक ने नागौर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए थे। बेटे के गायब होने के बाद उसने पुलिस ने बहुत मिन्नतें कीं, लेकिन उसे कहा गया कि आपका बेटा दूध पीता बच्चा नहीं है। पिता ने अपने स्तर पर 100 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगालकर सबूत भी जुटाए, लेकिन पुलिस ने कुछ नहीं किया। आखिर बेटे की लाश गोबर के ढेर में बोरी में बंधी हुई मिली। छात्र की हत्या मामले में रसूल मोहम्मद उर्फ बबलू घोसी मुख्य आरोपी है।

## वन्यजीव प्रेमियों ने बचाई जान, मामला दर्ज

# नंदी के पैर तोड़कर नहर में फेंका

**बेधड़क । जैसलमेर**

कुछ असामाजिक तत्वों ने जिले के मोहनगढ़ नहरी इलाके में एक बैल को घायल करके नहर में फेंक दिया। नहर में डूबते बैल को देखकर वन्य जीव प्रेमियों और ग्रामीणों ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बैल का रेस्क्यू कर उसे बचाया।

रेस्क्यू किए गए बैल का पीछे का एक पैर तोड़ा हुआ था और उसे तारों में बांधकर नहर में फेंका गया था। पशु पर हुए इस अमानवीय अत्याचार के चलते वन्य जीव प्रेमियों ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ मोहनगढ़ थाने में मामला दर्ज करवाया है। वन्य जीव प्रेमी राधेश्याम विश्नोई ने बताया कि बैल को रेस्क्यू कर उसका प्राथमिक इलाज करवाकर उसे इलाज के लिए नागौर स्थित एक गोशाला में भेजा गया है। ग्रामीणों और वन्य जीव प्रेमियों ने पुलिस से इन असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की।



## कलेक्टर ने जेएलएन अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

# नर्सिंग ऑफिसर निलंबित, 15 को नोटिस

**बेधड़क । अजमेर**

जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित सोमवार को जवाहर लाल नेहरु अस्पताल के औचक निरीक्षण के लिए पहुंचीं। उन्होंने अस्पताल के सभी विभागों और वार्ड का जायजा लिया।

उन्होंने मरीजों से बातचीत कर व्यवस्थाओं के हाल भी जाने। अस्पताल की किचन में मिली अव्यवस्थाओं से कलेक्टर डॉ. दीक्षित खासी नाराज हुईं। उन्हें बताया गया कि सीनियर नर्सिंग ऑफिसर और किचन इंचार्ज गीता ने हठधर्मिता अपनाते हुए तीन माह पहले ट्रांसफर करने के बाद भी अब तक चार्ज नहीं दिया है। ऐसे में कलेक्टर ने तुरंत गीता जैन को सस्पेंड करने के निर्देश दिए वहीं अन्य को चार्ज लेने के लिए निर्देशित किया। डॉ. दीक्षित ने कहा कि किचन में खासी अनियमितताएं मिली हैं।

वहीं पीडब्ल्यूडी को सिविल कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने, निगम को ड्रेनेज सिस्टम सुधारने के निर्देश दिए। वहीं पार्किंग ठेकेदार को सात दिन का नोटिस दिया है और पार्किंग के लिए नया टेंडर भी जारी किया जाएगा। अनुपस्थित पाए गए 15 कार्मिको को नोटिस जारी किए।



## कल दिल्ली-मुंबई रेल लाइन पर डालेंगे पड़ाव

# जाट आरक्षण की तेज हो रही लपटें...अब रेलवे ट्रैक जाम करने की तैयारी

### केंद्र सरकार से वार्ता का निमंत्रण नहीं मिलने पर समाज में रोष

**बेधड़क । भरतपुर**

केंद्र की सरकारी नौकरियों में आरक्षण की मांग को लेकर भरतपुर-धौलपुर जिले के जाटों का जयचोली गांव में महापड़ाव अनवरत जारी है। आंदोलन के बीस दिन होने के बावजूद केंद्र सरकार की ओर से वार्ता की पहल नहीं करने से आंदोलनकारियों में रोष पनप रहा है।

अब महापड़ाव स्थल पर जाट समाज के 19 महिला-पुरुषों ने आमरण अनशन शुरू कर दिया है। जाट समाज ने अब रेलवे ट्रैक जाम करने का निर्णय लिया है। इसके तहत बुधवार को दोपहर 12 बजे दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक जाम करने की घोषणा की गई है। इस महापड़ाव में तीनों जिलों के जाट समाज के लोग शामिल हैं। जाट आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक नेम सिंह फौजदार का कहना है कि हम गांधीवादी तरीके से आंदोलन करते हुए सरकार से वार्ता का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन प्रतिनिधि मंडल को अभी तक वार्ता का निमंत्रण नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि समाज कई वर्षों से अपने हक की लड़ाई लड़ रहा है। प्रदेश में भरतपुर और धौलपुर के जाटों के साथ दोगला व्यवहार किया जा रहा है।

केवल भरतपुर और धौलपुर को छोड़कर सभी जिलों के जाटबंधुओं को केंद्र की नौकरी में आरक्षण दिया जा रहा है तो फिर दो जिलों साथ ही इस तरह का व्यवहार कदापि ठीक नहीं है। नेमसिंह ने कहा कि इस बार किसी भी सूरत में आरक्षण लेकर मानेंगे। इसके लिए हम आर-पार का संघर्ष करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि जब तक आरक्षण नहीं मिल जाता हमारा आंदोलन जारी रहेगा। यह हमारे बच्चों के भविष्य का सवाल है। इसके लिए किसी भी स्थिति में आरक्षण लेकर ही महापड़ाव समाप्त किया जाएगा।



### 17 जनवरी से जारी है महापड़ाव

केंद्र की नौकरियों में ओबीसी आरक्षण की मांग को लेकर 17 जनवरी से जाटों का जयचोली गांव में महापड़ाव चल रहा है। सीएम भजन लाल शर्मा ने जाट समाज की 11 सदस्यों की कमेटी को वार्ता के लिए जयपुर बुलाया था। सीएम से पहले सरकार द्वारा बनाई गई 2 विधायक और 2 मंत्रियों की कमेटी से प्रतिनिधियों की वार्ता होनी थी। इसके तहत यह वार्ता तो हो गई, लेकिन प्रतिनिधि मंडल की ओर से जयपुर में दो दिन तक इंतजार के बावजूद सीएम से वार्ता नहीं कराई गई। इसके बाद केंद्र से वार्ता के लिए न्योता आया था। जब से जाट समाज बुलावे का इंतजार कर रहा है। 4 फरवरी को जाट समाज ने केंद्र सरकार को चेतावनी देने के बाद अनशन शुरू कर दिया है।

### अनशन में ये हुए शामिल

जयचोली में चल रहे महापड़ाव स्थल पर रविवार से नेम सिंह फौजदार, सत्यवीर सिंह, सूरज सिंह, हुब्ब लाल, धारा सिंह, पूरन, महेंद्र, महाराज सिंह, जय सिंह फौजी, विजय सिंह चौधरी, मोराध्वज, भोगी राम, विरमा, विमला देवी, पिस्ता, सुमन, बबली और यमुना देवी अनशन पर बैठ गए। उनका कहना है कि गांधीवादी तरीके से हमारा आंदोलन चल रहा है, लेकिन इसको सरकार हमारी कमजोरी मान रही है। मंत्री विधायकों की कमेटी से बातचीत के बाद केंद्र सरकार की ओर से वार्ता का इंतजार किया जा रहा है। जबकि सरकार इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही।

**IIRF एमबीए रैंकिंग-2024:** फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट, दिल्ली यूनिवर्सिटी ने लगाई तीन स्थान की छलांग

## देशभर के बिजनेस स्कूल्स में आईआईएम अहमदाबाद टॉप पर

**बेधड़क** | नई दिल्ली

भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (IIRF) ने बिजनेस-स्कूलों के लिए आईआईआरएफ 2024 रैंकिंग की घोषणा की है। रैंकिंग में भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद (IIMA) ने इस साल भी अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संकाय (FMS) ने अपनी रैंकिंग में तीन पायदानों का सुधार करते हुए दूसरा स्थान बनाया है। पिछले वर्ष यह पांचवें स्थान पर था। आईआईआरएफ एमबीए रैंकिंग-2024 में शीर्ष 44 सरकारी एमबीए कॉलेज, 135 निजी एमबीए कॉलेज, रोजगार के लिए 50 स्कूल ऑफ एमिनेंस, विश्वविद्यालय कार्यक्रमों के तहत 45 और अनुसंधान के लिए 50 बिजनेस स्कूल शामिल हैं। समग्र रैंकिंग के अनुसार, IIM कलकत्ता ने अपना तीसरा स्थान बरकरार रखा है, जबकि IIM बेंगलुरु दूसरे से गिरकर चौथे स्थान पर आ गई है।



### यह है 2024 की रैंकिंग

1- आईआईएम, अहमदाबाद
2- एफएमएस, दिल्ली यूनिवर्सिटी
3- आईआईएम, कोलकाता
4- आईआईएम, बेंगलुरू
5- आईआईएम, कोझीकोड
6- आईआईएम, लखनऊ
7- आईआईएफटी, नई दिल्ली
8- आईआईएम, मुम्बई
9- आईआईएम, इन्दौर
10- स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, आईआईटी मुम्बई

### सात पैरामीटर्स के आधार पर मिली रैंकिंग

प्रबंधन कॉलेजों को सात मापदंडों के आधार पर रैंक किया जाता है। इनमें प्लेसमेंट परफोर्मेंस, टीचिंग लर्निंग रिसॉर्सेज, रिसर्च, उद्योग आय और एकीकरण, प्लेसमेंट स्ट्रेटेजी एंड सपोर्ट, फ्यूचर ऑरिएन्टेशन, और बाहरी धारणा व अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण (ईपीआईओ) शामिल हैं। प्रत्येक पैरामीटर में 100 अंक होते हैं, जिसे 1000 में बदल दिया जाता है।आईआईएम अहमदाबाद ने कुल मिलाकर 937.24 स्कोर प्राप्त किया जो कि पिछले वर्ष के इस संस्थान के स्कोर 932.15 से अधिक है।

## Yuva स्टोरीज



### बाउंस ऑफ जॉय में दी फिजिकल एजुकेशन टीचर्स को ट्रेनिंग

**जयपुर।** राजस्थान में एजुकेशन के साथ गेम्स को बढ़ावा देने के लिए एक परिवर्तनकारी पहल की शुरुआत हुई। राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग, स्टेयर्स फाउंडेशन और आईटीसी की ओर से सोमवार को आरएएस क्लब में खेल कार्यक्रम के माध्यम से एक अभिनव शिक्षा 'बाउंस ऑफ जॉय' को लॉन्च किया गया। इसके तहत राज्य के गवर्नमेंट स्कूलों के 132 फिजिकल एजुकेशन टीचर्स को स्कूलों में खेल को बढ़ावा देने के लिए वर्कशॉप में ट्रेनिंग दी गई। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के सचिव नवीन जैन, न्यूट्रिशन एक्सपर्ट डॉ. भावना शर्मा, विधायक देवी सिंह शेखावत, आईटीसी के सीओओ अली हैरिस शेरे, स्टेयर्स फाउंडेशन के अध्यक्ष सिद्धार्थ उपाध्याय, स्टेयर्स फाउंडेशन के राजस्थान हेड गौरांग अग्रवाल, हर्ष सागर जैन और नीमकाथाना से भाजपा नेता शरद दीवान ने अपने अनुभव साझा किए। वर्कशॉप में एक्सपर्ट्स ने कहा कि स्कूलों में खेलों को लेकर स्टूडेंट में जागरूकता नहीं है। खासकर प्रोफेशनल गेम्स के प्रति स्टूडेंट का बहुत कम रुझान है। इसलिए इस कार्यक्रम के तहत सरकारी स्कूलों में स्टूडेंट्स को फुटबॉल की ट्रेनिंग दी जाएगी।



### बच्चों ने प्रस्तुतियों से बांधा समां

**जयपुर।** मुरलीपुरा स्थित ज्ञान ज्योति किड्स कैंपस का एनुअल फंक्शन सोमवार को रविंद्र मंच में आयोजित किया गया। गणेश वंदना से शुरू हुए कार्यक्रम मे स्टूडेंट्स ने रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे पेरेंट्स ने शिरकत की। इस दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों ने डांस, गायन, और नाटक की शानदार प्रस्तुतियां देकर माहौल को खुशनुमा रंगों से सराबोर कर दिया। फंक्शन के दौरान दौरान रामायण की जबरदस्त प्रस्तुति ने भगवान राम की महिमा को साकार कर दिया। वहीं राजस्थानी, भांगड़ा, झांसी की रानी, 21 सिख पर स्टूडेंट्स की जबरदस्त कदमताल से पूरा ऑडिटोरियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन के लिए स्टूडेंट्स को सम्मानित भी किया गया। स्कूल के संस्थापक राजेश मिश्रा, प्रिंसिपल रेखा मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित किया। स्कूल के निदेशक अभिषेक मिश्रा ने सभी का स्वागत किया।




### JEE मेन्स सेशन-2 के आवेदन 2 मार्च तक

**जयपुर।** जेईई मेन्स-2024 के दूसरे सेशन की परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन जारी हैं। आवेदक एनटीए जेईई मेन्स की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। सेशन-2 के लिए रजिस्ट्रेशन और एप्लीकेशन फीस पेमेंट की लास्ट डेट 2 मार्च है। यह एग्जाम 1 से 15 अप्रैल तक होगा। इसका रिजल्ट 25 अप्रैल को जारी किया जाएगा। एनटीए के नोटिफिकेशन के अनुसार जेईई मेन्स सेशन-2 के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को उनकी एग्जाम सिटी के बारे में मार्च के तीसरे सप्ताह में जानकारी दी जाएगी। जबकि एडमिट कार्ड परीक्षा से तीन दिन पहले जारी किए जाएंगे। जेईई मेन्स- सेशन-2 परीक्षा 3 अप्रैल से शुरू होकर 15 अप्रैल तक चलेगी। इसका रिजल्ट 25 अप्रैल को जारी किया जाएगा। हालांकि इससे पहले सेशन-2 परीक्षा एक अप्रैल से शुरू हो रही थी। लेकिन सीबीएसई बोर्ड के 12वीं की परीक्षा से डेट क्लैश होने के चलते एनटीए ने इस शेड्यूल में बदलाव करने का फैसला किया। जेईई मेन्स में शामिल होने के लिए 12वीं (PCM) में कम से कम 75% मार्क्स होने चाहिए। एससी/एसटी वर्ग के उम्मीदवारों के 65% मार्क्स होने चाहिए। गौरतलब है कह जेईई मेन्स के जरिए आईआईटी और एनआईटी जैसे संस्थानों में इंजीनियरिंग कोर्सेज में एडमिशन मिलता है। पेपर-2 के जरिए बीटेक इन आर्किटेक्चर एवं प्लानिंग के कोर्स में एडमिशन मिलता है।

IIS यूनिवर्सिटी में हुई रोड सेफ्टी सेल की शुरुआत

## आम आदमी जागरूक हो तभी ट्रैफिक रूल्स कारगर

**बेधड़क** | जयपुर

रोड सेफ्टी को लेकर आम लोगों को जागरूक करने व बढ़ते सड़क हादसों को रोकने के मकसद से आईआईएस यूनिवर्सिटी कैंपस में सोमवार को आईआईएस रोड सेफ्टी सेल की शुरुआत हुई।

उद्घाटन मुख्य अतिथि डीसीपी ट्रैफिक, जयपुर पुलिस कमिश्नरेट लक्ष्मण दास ने किया। इस मौके पर स्टेट रोड सेफ्टी सेल व डिपार्टमेंट ऑफ ट्रांसपोर्ट एंड रोड सेफ्टी गवर्नमेंट ऑफ राजस्थान में जॉइंट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर निधि सिंह, पीपल ऑफ ट्रस्ट जयपुर, इंडिया की सीईओ एंड मैनेजिंग ट्रस्टी प्रेरणा सिंह अरोड़ा, यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ.राखी गुप्ता, रिटायर्ड आईपीएस मनोज भट्ट और टीचर्स मौजूद रहे। यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ.अशोक गुप्ता ने सड़क हादसों में कमी के उपायों पर बात करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

डीसीपी ट्रैफिक, जयपुर पुलिस कमिश्नरेट लक्ष्मण दास ने कहा कि सरकार की तरफ से ट्रैफिक रुल्स की सख्ती से पालना कराना तब तक नाकाफी होगा, जब तक उसमें आम आदमी की अहम हिस्सेदारी न हो। उन्होंने कहा कि शहर में रोजाना बढ़ते सड़क हादसों का अहम कारण जागरूकता की कमी और लापरवाही है। रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता ने बताया कि एनजीओ पीपल्स ट्रस्ट इंडिया के साथ जनता में रोड सेफ्टी को लेकर जागरूकता लाने के मकसद से आईआईएस यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू साइन हो चुका है। डिपार्टमेंट ऑफ ट्रांसपोर्ट व रोड सेफ्टी, स्टेट रोड सेफ्टी सेल, राजस्थान सरकार आईआईएस यूनिवर्सिटी के साथ नॉलेज पार्टनर के तौर पर मदद करेगा। कांस्टेबल प्रेम सिंह ने यातायात सांकेतिक चिन्ह और नियमों की जानकारी दी। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. टीएन माथुर ने भी विचार व्यक्त किए।


यूनिवर्सिटी की एमबीए स्टूडेंट्स खुशी शुक्ला और चेतना चौधरी ने पीपीटी के जरिए रोड सेफ्टी को लेकर अहम जानकारी दी। अंत में यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।






### दुर्घटना के शिकार में 80 फीसदी युवा

जॉइंट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर निधि सिंह ने बेसिक लाइफ सपोर्ट की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सरकार की 10 साल की कार्ययोजना को साझा किया। उन्होंने सीपीआर प्रक्रिया को बेहद उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि सेल्फ अवेयरनेस और शिक्षा से ही सड़क हादसों को टाला जा सकता है। उन्होंने स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी में रोड सेफ्टी को कोर्स में शामिल किए जाने की आश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात यह हैं कि रोजाना होने वाले सड़क हादसों के शिकार में 80 फीसदी युवा ही होते हैं जो बेहद चिंता का विषय है।



JECRC में वर्कशॉप आज से

## स्टूडेंट्स वैज्ञानिकों से पढ़ेंगे स्पेस साइंस का पाठ

**बेधड़क** | जयपुर

जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी कैंपस में स्टूडेंट्स को 6-आदित्य एल-1 के वैज्ञानिकों से अंतरिक्ष विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को समझने व सीखने का मौका मिलेगा। यूनिवर्सिटी में मंगलवार से तीन दिवसीय '6-आदित्य एल-1 सपोर्ट सेल वर्कशॉप' शुरू होगी। इस वर्कशॉप में तीन दिनों तक 6-आदित्य एल-1 के 7 वैज्ञानिकों में से 5 यूनिवर्सिटी कैंपस में मौजूद रहेंगे और स्टूडेंट्स के साथ ज्ञान की बातें साझा करेंगे। इस वर्कशॉप में हर दिन अलग अलग विषयों पर पब्लिक टॉक का आयोजन किया गया है। पहले दिन का विषय है 'आदित्य-एल 1 मिशन' रहेगा, जिसमें मुख्य वक्ता निदेशक आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान अनुसंधान संस्थान, नैनीताल प्रो. दीपांकर बेनर्जी होंगे।

दूसरे दिन 'भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान कार्यक्रम' विषयक सत्र में इसरो मुख्यालय के विज्ञान कार्यक्रम कार्यालय (एसपीओ) में कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. मोहम्मद हसन भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों पर विस्तार से बात करेंगे। तीसरे दिन का विषय 'इंजीनियरिंग फॉर एस्ट्रोनॉमी' है जो इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (आईयूसीएए) प्रो. एएन रामप्रकाश कंडक्ट करेंगे।

इस वर्कशॉप में से देश भर से आए 250 आवेदनों में से इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन द्वारा सिलेक्टेड 50 स्टूडेंट्स ही शामिल होंगे। वाइस चेयरपर्सन, जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी अर्पित अग्रवाल ने बताया कि डिपार्टमेंट ऑफ फिजिक्स द्वारा आयोजित इस वर्कशॉप में बच्चे को आदित्य एल 1 द्वारा जारी किए गए डाटा को यूटिलाइज और एनालाइज करना सीखेंगे, एस्ट्रोनॉमी में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए यह बड़ा मौका है।

## हेलमेट बोझ नहीं, जीवन रक्षा का ताज

**जयपुर।** परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के तहत रंगशीर्ष आर्ट एंड कल्चर रिसर्च सोसाइटी के कलाकारों ने सोमवार को नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को जागरुक किया। 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' विषय पर शहर में तीन जगह नुक्कड़ नाटक किए गए। न्यू आतिश मार्किट मानसरोवर में 11 बजे, सिटी पार्क मानसरोवर में 12 बजे और जयपुर चौपाटी मानसरोवर में 1 बजे कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक से सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का संदेश दिया। यह नुक्कड़ नाटक प्रभारी अधिकारी अमृतपाल सिंह के नेतृत्व में किए गए। संस्था सचिव दिनेश प्रधान ने बताया कि नाटक में सड़क सुरक्षा को लेकर आम नागरिकों को जागरुक किया गया। बताया गया कि हेलमेट को बोझ नहीं जीवन रक्षा का ताज समझें, तेज गति से वाहन ना चलाएं, गाड़ी चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल न करें, शराब पीकर गाड़ी ना चलाएं, गलत दिशा से ओवरटेकिंग ना करें। साथ ही 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन नहीं चलाने दें, बिना लाइसेंस वाहन नहीं चलाएं।



## यूनियन बैंक में निकली अधिकारी भर्ती

**जयपुर।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में स्पेशलिस्ट ऑफिसर (SO) के पदों पर भर्ती निकली है। कैंडिडेट्स बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in पर आवेदन कर सकते हैं। शैक्षणिक योग्यता के रूप में पद के अनुसार संबंधित क्षेत्र में ग्रेजुएशन डिग्री/ पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री/ CA/ CMA (ICWA)/ CS की डिग्री होनी चाहिए। उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु पद के अनुसार 20/ 25/ 26/ 28/ 30 वर्ष और अधिकतम आयु 35/ 38/ 45 वर्ष तय की गई है। इन पदों पर चयन ऑनलाइन एग्जाम, इंटरव्यू, ग्रुप डिस्कशन, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और मेडिकल एग्जामिनेशन के बाद किया जाएगा। आवेदन के लिए जनरल, ओबीसी व ईडब्ल्यूएस की फीस 850 रुपए व एससी, एसटी, पीडब्ल्यूबीडी की फीस 175 रुपए है।

**अवसर** IGNOU छात्रों व पूर्व छात्रों के लिए मौका

## IGNOU की प्रतियोगिताओं में दें अपने टैलेंट को धार

**बेधड़क** | नई दिल्ली

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने 'विकसित भारत @2047' विषय पर निबंध, पोस्टर-मेकिंग और विचार प्रतियोगिताओं के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इन प्रतियोगिताओं में इग्नू के सभी वर्तमान व पूर्व छात्र भाग ले सकेंगे। प्रतिभागियों को 11 फरवरी, 2024 तक क्षेत्रीय केंद्र में ईमेल के माध्यम से प्रविष्टियां ncide@ignou.ac.in पर एक प्रति के साथ जमा करनी होंगी। विचार प्रतियोगिता में भाग लेने वालों को ignou.ac.in पर फॉर्म भरना होगा। सभी श्रेणियों में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को 5000 रुपए, 3000 रुपए और 2000 रुपए का नकद पुरस्कार, स्मृति चिन्ह और योग्यता प्रमाण पत्र मिलेगा। प्रत्येक क्षेत्रीय केंद्र में शीर्ष तीन प्रविष्टियों को योग्यता प्रमाणपत्र प्राप्त होगा। प्रत्येक प्रविष्टि के लिए भागीदारी का प्रमाण पत्र संबंधित क्षेत्रीय केंद्र द्वारा दिया जाएगा। प्रतियोगिता के नियमों के मुताबिक निबंध हस्तलिखित या शब्द प्रारूप में टाइप किया हुआ 2000 से 2500 शब्दों के भीतर होना चाहिए। शब्द सीमा से अधिक होने पर प्रतिभागियों को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। वहीं, प्रत्येक प्रतिभागी प्रति थीम केवल एक पोस्टर जमा कर सकता है। पोस्टर A3 आकार (29.7 सेमी x 42.0 सेमी) शीट पर काले पेन/मार्कर से बनाया जाना चाहिए। पोस्टर पेंसिल, क्रेयॉन, वॉटर कलर, ऑयल पेंट आदि का उपयोग करके बनाया जा सकता है।



### ये रहेंगी प्रतियोगिताओं की थीम

#### मैं विकसित भारत@2047 की कल्पना कैसे करूं?

- भारतीयों को शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, नारी शक्ति, देखभाल करने वाले समाज और पर्यावरण, संस्कृति और स्वास्थ्य और कल्याण के मामले में कैसे सशक्त बनाया जा सकता है?
- 2047 में सामाजिक-आर्थिक और ढांचागत विकास
  नवाचार, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप
  शासन, सुरक्षा और सेवाएं।
- 2047 में विश्व में भारत की स्थिति
- विकसित भारत@2047 में अभ्यर्थी का योगदान।

#### मैं 2047 में IGNOU की कल्पना कैसे करूँ?

- इग्नू की प्रवेश, परामर्श, मूल्यांकन और मूल्यांकन प्रणाली में परिवर्तन, नवाचार और सुधार
- 2047 में इग्नू का शिक्षण-अधिगम दृष्टिकोण
- इग्नू द्वारा प्रदान की गई शिक्षण-अधिगम सामग्री तक पहुंच में आसानी, स्व-शिक्षण सामग्री के नवीन प्रारूप, मातृभाषा में निर्देश, परियोजनाओं, शोध कार्य, नवाचार और उद्यमिता संबंधी गतिविधियों का समावेश।
- विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों में नामांकित छात्रों का समग्र विकास
- विश्व में इग्नू और उच्च शिक्षा प्रदान करने में प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में
  2047 तक इग्नू की वृद्धि और विकास में पूर्व छात्रों की भागीदारी।

# आज़ाद हिंद फ़ौज का जांबाज़ सिपाही कर्नल गुरबख़्श सिंह ढिल्लन



जाहिद खान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

6 फरवरी, आजाद हिंद फौज के संस्थापक सदस्य कर्नल गुरबख्श सिंह ढिल्लन का स्मृति दिवस है। यही वह तारीख़ है, जब जंग-ए-आजादी का यह सूरमा हम से हमेशा के लिए जुदा हो गया था। आजाद हिंद फौज सेनानी कर्नल ढिल्लन ने जंग के मैदान में ब्रिटिश फौज को जमकर चुनौती दी थी। उनके पराक्रम का दुश्मन भी लोहा मानते थे। अविभाजित भारत में 18 मार्च, 1914 को अमृतसर के अलगो गांव में साधारण किसान परिवार में जन्मे गुरबख्श सिंह की शुरुआती तालीम गवर्मेंट हाई स्कूल चूनियन लाहौर में हुई। हाई स्कूल इम्तिहान पास करने के बाद, साल 1933 में उन्होने इंडियन मिलिट्री अकादमी में दाख़िला ले लिया। भारतीय थल सेना ने 14वीं पंजाब रेजीमेंट के जवान ढिल्लन को साल 1940 में नियमित कमीशन दे दिया। दूसरी आलमी जंग कर्नल ढिल्लन की जिंदगी में फ़ैसलाकुन मोड़ लेकर आई। मलाया कैम्पेन के दौरान जापान से अंग्रेज सेना की शिकस्त के बाद, दक्षिण-पूर्व एशिया में जनरल मोहन सिंह के नेतृत्व में आजाद हिंद फौज का गठन हुआ। आजाद हिंद फौज की स्थापना होते ही अंग्रेजी सेना में अभी तक रहे हजारों हिंदुस्तानी फौजियों के साथ, कर्नल ढिल्लन भी आजाद हिंद फौज में शामिल हो गए। आगे चलकर आजाद हिंद फौज के नेतृत्व का जिम्मा नेताजी सुभाषचंद्र बोस को मिला और आख़िर तक उन्होंने इसकी कमान संभाले रखी। आजाद हिंद फौज में कर्नल (रेजीमेंटल कमाण्डर) के ओहदे तक पहुंचे कर्नल गुरबख्श सिंह ढिल्लन ने आजाद हिंद फौज की कई लड़ाईयों में हिस्सेदारी की और अपनी बहादुरी, जाँबाज़ी के जौहर दिखलाए। आईएनए के इस जांबाज सिपाही ने बर्मा (वर्तमान-म्यांमार) में इरावदी नदी के किनारे जनरल सर विलियम सिलम की 14वीं ब्रिटिश सेना के ख़िलाफ़ जंग लड़ी थी। तारीख़ इस बात की गवाह है कि उन्होने इस लड़ाई में अपने से कहीं ज्यादा शक्तिशाली गोरों की फौजों को पूरे छह रोज तक रोके रखा था। कर्नल ढिल्लन की पराजय के बावजूद दुश्मन जनरल सर विलियम सिलम ने



**पुण्यतिथि पर विशेष**

> *अपना आखिरी समय कर्नल ढिल्लन ने दुनियावी चकाचौंध से दूर मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के छोटे से गांव हातौद में बिताया। 6 फरवरी 2006 को, 92 साल की उम्र में आजाद हिंद फौज के इस जांबाज सिपाही ने दुनिया से अपनी रुखसती ली।*

जंग-ए-मैदान में उनकी बहादुरी की तारीफ़ की। यही नहीं अंग्रेज सेना के एक और अफसर जनरल मेंजिज ने भी रणक्षेत्र में कर्नल ढिल्लन के युद्ध कौशल को सराहा था। आजाद हिंद फौज की चौथी गोरिल्ला रेजीमेंट (नेहरू ब्रिगेड) के इस पराक्रमी नायक को गोरिल्ला पद्धति से दुश्मनों को छकाने में महारथ हासिल थी।

इम्फ़ाल ऑपरेशन के दौरान अंग्रेजी सेना से आजाद हिंद फौज की पराजय के बाद कर्नल ढिल्लन दीगर आजाद हिंद फौज सेनानियों के साथ गिरफ्तार कर लिए गए। 5 नवंबर, 1945 से 31 दिसंबर, 1945 तक दिल्ली के लाल किले में उन पर मुकदमा चलाया गया। हिंदुस्तानी तारीख में यह मुकदमा 'लाल किला ट्रायल' के नाम से जाना जाता है। इस ऐतिहासिक मुकदमे में कर्नल प्रेम कुमार सहगल, मेजर जनरल शाहनवाज खान के साथ कर्नल ढिल्लन पूरे मुल्क में महानायक बन कर उभरे। आजाद हिंद फौज के इन तीनों अहम अफ़सरों पर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बगावत करने के इल्जाम में मुकदमा दायर किया गया था। बहरहाल, जब मुकदमे की ट्रायल शुरू हुई, तो इस मुकदमे ने उस समय आजादी के लिए लड़ रहे लाखों वतनपरस्तों को एक सूत्र में बांध दिया। वकील भूलाभाई देसाई मुकदमे के दौरान जब लाल किले में बहस करते थे, तो सड़कों पर सैकड़ों नौजवान ये जोशीले नारे लगाते- ''लाल किले से आई आवाज, सहगल, ढिल्लन, शाहनवाज। तीनों की उम्र हो दराज।''

'लाल किला ट्रायल' मुल्क की आजादी के संघर्ष में निर्णायक मोड़ साबित हुआ। मुकदमा कई मोर्चों पर हिंदुस्तानी एकता को मजबूत करने वाला था। मेजर जनरल शाहनवाज खान को मुस्लिम लीग और कर्नल गुरबख्श सिंह ढिल्लन को अकाली दल ने अपनी ओर से मुकदमा लड़ने की पेशकश की थी, लेकिन इन देशभक्त सिपाहियों ने कांग्रेस के बचाव दल को ही अपनी पैरवी करने की मंजूरी दी। मजहबी जज्बात से ऊपर उठकर सहगल, ढिल्लन, शाहनवाज का यह देशभक्ति भरा फैसला सचमुच काबिले तारीफ़ था। कांग्रेस की बचाव टोली में सर तेज बहादुर सप्रू के नेतृत्व में कई नामी गिरामी वकील भूलाभाई देसाई, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सर दिलीप सिंह, आसफ़ अली, बख्शी सर टेकचंद, कैलाशनाथ काटजू, जुगलकिशोर खन्ना, सुल्तानयार खान, राय बहादुर बद्रीदास और पीएस सेन आदि शामिल थे। सर तेज बहादुर सप्रू की अस्वस्था के चलते वकील भूलाभाई देसाई ने आजाद हिंद फौज के तीनों वीर सिपाहियों का संयुक्त मुकदमा लड़ा। मुकदमे के दौरान पूरे मुल्क में कौमियत का माहौल पैदा हुआ। सारे मुल्क में अंग्रेजी सरकार के खिलाफधरने-प्रदर्शन और एकता सभाएं हुईं। इन सभाओं में मुकदमे के मुख्य अभियुक्त कर्नल प्रेम कुमार सहगल, कर्नल गुरबख्श सिंह ढिल्लन और मेजर जनरल शाहनवाज की लंबी उम्र की दुआएं की गईं। सीनियर एडवोकेट भूलाभाई देसाई की शानदार दलीलों ने इस मुकदमे को आजाद हिन्द फौज के सिपाहियों के हक में कर दिया। सहगल, ढिल्लन और शाहनवाज के अलावा आजाद हिन्द फौज के अनेक फौजी जो जगह-जगह गिरफ्तार हुए और जिन पर देश भर में सैकड़ों मुकदमे चल रहे थे, वे सभी रिहा हो गए। लाल किले में चलाए गए अभियोग का असर मुल्क में सशस्त्र सेना के हिंदोस्तानी अफ़सरों और फौजियों पर पड़ा। लाल किला ट्रायल के प्रभाव से ही मुम्बई नौसेना और वायु सेना में विद्रोह हुआ और कई जगह अनेक टोलियों में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह की हवा फैल गई। कामगार, आम राजनैतिक हड़ताल पर चले गए तथा आम जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इस पूरे घटनाक्रम से हिंदोस्तान में ब्रिटिश राज की नींव हिल गई। लाल किला मुकदमा और आजाद हिंद फौज के संघर्षों का ही नतीजा था कि एक साल के अंदर हमारा मुल्क आजाद हो गया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## खाद्य पदार्थों में दिनोंदिन बढ़ती मौजूदगी बना चिंता का सबब

# जीवन के लिए खतरा माइक्रोप्लास्टिक!



ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्

> *प्लास्टिक की बोतल में पानी भरने की प्रक्रिया में प्रतिवर्ष 2.5 मिलियन टन कार्बन डाई ऑक्साइड वायुमंडल में उत्सर्जित होती है। फिर डिस्पोजेबल पानी की बोतलों का कचरा बहकर समुद्र में जाकर सालाना 9.1 मिलियन समुद्री जीवों की मौत का सबब बनता है। बोतलबंद पानी की पूरी प्रक्रिया में पारिस्थितिक तंत्र पर लगभग 2.400 गुणा अधिक दुष्प्रभाव पड़ता है और 3,500 गुणा अधिक लागत आती है।*

आधुनिक जीवनशैली के तहत हम सभी अपने जीवन को सुखमय बनाने की दिशा में अद्वितीय प्रयास कर रहे हैं। वह चाहे भौतिक सुख संसाधनों का सवाल हो, खाने-पीने का सवाल हो या फिर परिधान का ही सवाल क्यों न हो। अपनी सामर्थ्यानुसार अच्छे से अच्छे पा लेने या खाने-पीने में खर्च करने में कोई कोताही नहीं करते हैं, लेकिन पिछले लम्बे समय से माइक्रोप्लास्टिक की खाद्य पदार्थों में दिनोंदिन बढ़ती मौजूदगी चिंता का सबब बन गई है। अब तो हालत यह है कि प्लास्टिक के ये कण नदियों और महासागरों ही नहीं, पर्वतों की ऊंची-ऊंची चोटियों पर जमी बर्फ में भी मिल रहे हैं। आज स्थिति यहां तक आ पहुंची है कि अब ये पीने के पानी में भी मौजूद हैं। जिस बोतलबंद पानी को हम सबसे ज्यादा सुरक्षित मानते हैं, कई अध्ययनों ने यह खुलासा किया है कि वही पानी आज कल जानलेवा बना हुआ है। पैकेज्ड बोतलों में बंद पानी में प्लास्टिक के ये छोटे-छोटे कण जिन्हें हम माइक्रोप्लास्टिक के नाम से जानते हैं और उनको सामान्य दृष्टि से हम देख भी नहीं सकते, हमारे लिए कतई सुरक्षित नहीं हैं। इनसे हृदय रोग, मधुमेह और अन्य मानव जीवन के लिए खतरनाक बीमारियों का अंदेशा बढ़ गया है। यह बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए बेहद खतरनाक है। कोलंबिया युनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों द्वारा स्टीमुलेटेड रैमन स्कैटरिंग माइक्रोस्कोपी की तकनीक के जरिये किये शोध जो प्रोसीडिंग्स आफ दि नेशनल अकेडेमी आफ साइंसेज में प्रकाशित हुआ, से खुलासा हुआ है कि अब बोतलबंद पानी में भी माइक्रोप्लास्टिक के कण मौजूद हैं। इसने दुनिया के वैज्ञानिकों को हैरत में डाल दिया है।

शोध ने यह साबित कर दिया है कि बोतलबंद एक लीटर पानी में माइक्रो प्लास्टिक के औसतन 2,40,000 कण मौजूद हैं। शोध के अनुसार बोतलबंद पानी की अलग अलग बोतलों में प्रति लीटर 1,10,000 से लेकर 3,70,000 तक कण मौजूद थे जिनमें से 90 फीसदी नैनो प्लास्टिक के कण थे जबकि बाकी माइक्रो प्लास्टिक के कण थे। दरअसल 5 मिलीमीटर से छोटे टुकड़े को



माइक्रो प्लास्टिक कहा जाता है, जबकि नैनो प्लास्टिक एक माइक्रो मीटर यानी एक मीटर के अरबवें हिस्से को कहा जाता है। गौरतलब यह है कि ये कण इतने छोटे होते हैं कि इंसान के पाचन तंत्र और फेफड़ों में मिलकर मस्तिष्क व हृदय समेत शरीर के सभी अंगों को प्रभावित कर सकते हैं। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि ये प्लेसैंटा से होते हुए अजन्मे बच्चे के शरीर में पहुंचकर प्रभावित कर सकते हैं। ये गैस्ट्रिक समस्या से लेकर शारीरिक असमानताओं यथा विकलांगता के कारण भी बन सकते हैं। गौरतलब है कि ये कण विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक से उत्पन्न होते हैं जैसे कि पालीएथिलीन और पालीप्रोपिलीन जो सेहत को और खतरनाक बना सकते हैं। सबसे खतरनाक यह है कि इंसान एक साल में 10 हजार माइक्रो प्लास्टिक के टुकड़े या तो खा रहा है या फिर वह सांसों के जरिये अपने शरीर में डालकर जानलेवा बीमारियों को जन्म दे रहा है।

सच तो यह है कि हम बोतलबंद पानी के रूप में पानी नहीं, जहर पी रहे हैं। यह धीरे धीरे हमारे शरीर के अंगों को बेकार बना रहा है। इसमें प्लास्टिक कणों की मौजूदगी यदि लम्बे समय तक जारी रहती है तो सेहत के साथ-साथ हमारे पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। असलियत में बोतलबंद पानी में अधिकांशतः प्लास्टिक का उपयोग होता है जिसमें ऊर्जा की जरूरत पड़ती है। संसाधनों की कमी के कारण अक्सर प्लास्टिक बनाने में जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल होता है जो पर्यावरण में हानिकारक प्रदूषकों जैसे ग्रीनहाउस गैसों तथा पार्टीकुलेट मैटर आदि के उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। प्लास्टिक की बोतल में पानी भरने की प्रक्रिया में प्रतिवर्ष 2.5 मिलियन टन कार्बन डाई ऑक्साइड वायुमंडल में उत्सर्जित होती है। फिर डिस्पोजेविल पानी की बोतलों का कचरा बहकर समुद्र में जाकर सालाना 9.1 मिलियन समुद्री जीवों की मौत का सबब बनता है। बोतलबंद पानी की पूरी प्रक्रिया में पारिस्थितिक तंत्र पर लगभग 2.400 गुणा अधिक दुष्प्रभाव पड़ता है और 3,500 गुणा अधिक लागत आती है। जहां तक प्लास्टिक का सवाल है, दुनिया में पानी को बोतल में बंद करने में हर साल लगभग 2.7 मिलियन टन प्लास्टिक का इस्तेमाल होता है। साथ ही उस बोतलबंद पानी को बाजार में ले जाने से वायु प्रदूषण और कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन होता है जो ग्लोबल वार्मिंग में योगदान देता है। अधिकांशतः प्लास्टिक की बोतलें जलाने से क्लोरीन गैस और भारी धातुएं जैसे जहरीले उत्पाद हवा में फैल जाते हैं। दरअसल जहां बोतलबंद पानी पर्यावरण, सार्वजनिक ही नहीं मानवीय स्वास्थ्य आदि को प्रभावित करता है, वहीं उसकी बोतलें हमारे जल भंडारों व भूजल स्रोतों को नष्ट करती हैं। इसके साथ बोतलबंद पानी का कारोबार करने वालों का स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी काफी बुरा प्रभाव पड़ता है क्योंकि वे जो पानी जमीन से खींचते हैं, उसका वे नाममात्र का मूल्य अदा करते हैं और कहीं-कहीं तो वे वह भी नहीं चुकाते हैं।

यदि हम मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को बचाना चाहते हैं तो हमें बार्सीलोना इंस्टीट्यूट ऑफ ग्लोबल हैल्थ के अध्ययन के सुझाव के अनुसार बोतलबंद पानी की जगह नल का पानी पीना चाहिए।

ग्लास या स्टेनलैस स्टील के कंटेनरों में नल के पानी को भरकर उसका सेवन करें। प्लास्टिक में पैक चीजों के इस्तेमाल से बचें। क्योंकि प्लास्टिक के कणों के कारण शिशुओं और छोटे बच्चों को सबसे अधिक खतरे का सामना करना पड़ता है। कारण उनका मस्तिष्क और शरीर विषाक्त पदार्थों के प्रभावों के प्रति अत्याधिक संवेदनशील होता है। साथ ही नल की टोंटी में फिल्टर लगा लेने से यह जोखिम काफी कम हो जायेगा। इससे जीवन के कुल नुकसान होने वाले वर्षों की संख्या को 36 फीसदी तक कम किया जा सकता है। इस बारे में शोधकर्ता आई एस ग्लोबल कैथरीन टोन कहते हैं कि पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों पर विचार करने से यह निष्कर्ष निकलता है कि बोतलबंद पानी व्यापक प्रभाव पैदा करता है जबकि उसकी तुलना में नल का पानी बेहतर विकल्प है। सबसे बडी अहम बात यह कि हमें स्वयं भी इस मुद्दे पर उचित सावधानी बरतनी होगी और पैकेज्ड पानी की बोतलें खरीदने से पहले हमें उन प्रतिष्ठानों की भी जांच करनी चाहिए जो स्वास्थ्य और सुरक्षा के मानकों का दावा करते हैं। इस बारे में उत्तराखण्ड में प्लास्टिक विरोधी अभियान की नेत्री पर्यावरणविद व राज्य में थैले वाली महिला के रूप में विख्यात प्रोफेसर डॉ. अनुभा पुंढीर का कहना है कि इस समस्या का समाधान केवल सरकारी निर्णयों या सरकारी स्तर पर नहीं हो सकता, बल्कि हमें भी उपभोक्ता के स्तर पर सजग रहना होगा। प्लास्टिक कणों के हानिकारक प्रभावों को समझकर हमें पानी का उचित तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए। यही नहीं हम अपने स्वास्थ्य की देखभाल के साथ-साथ पर्यावरण की भी उचित देखभाल-संरक्षण करें ताकि आने वाली पीढ़ियां स्वस्थ और सुरक्षित रह सकें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# नमस्कार सुख!



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

सलाम के लिए मियांजी को क्यों नाराज किया जाये, इसे शिरोधार्य करके मैं सबको नमस्कार करता रहा, लेकिन किसी ने आगे से चलकर मुझे नमस्कार नहीं किया। इसका मुझे रंज भी कम न था। दफ्तर में कोई पोजीशन नहीं होने से वैसे ही कोई नमस्कार नहीं करता था, रही कॉलोनी की बात तो विपन्नता ने मुझे कहीं का नहीं छोड़ा।

अच्छा आदमी होने के कारण नमस्कार करना आजकल वैसे ही जरूरी नहीं रह गया है। एक दिन पत्नी ने भी कुरेदा-'आप कब तक सबसे नमस्कार करते रहेंगे ? क्या हमें नमस्कार करने वाला अभी तक पैदा ही नहीं हुआ ?' मैंने कहा-'तू लात इतने विपरीत हैं कि नमस्कार करने वालों की जमात बनाना फिलहाल मुश्किल है।'

पत्नी बोली-'चमत्कार को नमस्कार है। हमारी माली हालत पतली होने से हम किसी प्रकार का चमत्कार भी नहीं कर सकते। वरना परचूनी वाले से नकद सामान उठाकर तथा मौहल्ले में कुछ दबे हुओं को उधार देकर हम नमस्कार के लिए बाध्य कर सकते हैं। गुप्ताजी को देखो कितने लोग नमस्कार करते हैं। उधार देकर ब्याज वसूलते हैं, परन्तु नमस्कार मुफ्त में लेते हैं। वरना आदमी तो एकदम लचर हैं। उन्हें नमस्कार करने की और कोई वजह नहीं है। बोलचाल में एकदम रूखे और बेहूदा, परन्तु नमस्कार करने वालों का तांता लगा हुआ है।'

'जब तुम जानती हो कि गुप्ताजी धनाढ्य हैं तो फिर और क्या वजह ढूंढ़नी है। हमने आर्थिक मोर्चे पर विफलता हांसिल की है, इसी का परिणाम है कि नमस्कार करने वाला कोई नहीं मिला। लेकिन मैं तुम्हारी इस बात से सहमत हूँ कि यदि हम प्रयास करें तो दस-पांच लोग इसके लिए अपने तरीके से मैनेज कर सकते हैं ?' मैंने पत्नी को समझाया तो वह बोली-'तो वह योजना छुपा क्यों रखी है। उसे अमल करो और नमस्कार सुख भी प्राप्त करो। दुखों की भरमार में एक सुख यह भी मिल जाये तो बहुत तोष मिलेगा।'

मैं बोला-'हम यह कर सकते हैं कि पी. एफ. से बचा-सुखा धन निकालकर उसे जरूरतमंदों को उधार दे दें। हो सकता है इस नवीन चमत्कार से नमस्कार का भाव पड़ोसियों में पैदा हो। कुछ पैसा मैं दफ्तर में फोर्थ क्लास में बांट दूंगा तो उधार भी मेरा आभामण्डल दमकने लगेगा तथा चार-पांच जोड़ी ढ़ंग के कपड़े सिलवा लेता हूँ इससे भी फर्क पड़ेगा।

यदि हमने ऐसा करके दस-पांच लोग भी जुटा लिये तो अपना काम बन जायेगा। इधर मैं भी बात-बात पर टिटियाना बंद कर देता हूँ।' पत्नी बोली-'योजना तो सुखकारी है, लेकिन आपके पी. एफ. में क्या है, यह मालूम करना जरूरी है। यदि पी. एफ. ने धोखा दे दिया तो फिर कोई हमारा साथ नहीं देगा।' मैं बोला-'घबराओं नहीं, अब मैं जुगाड़ कर लूंगा और नमस्कार सुख प्राप्त करके ही दम लूंगा। तुम भी जरा ढंग से रहा करो। दिखावे का जमाना है। अभावों का रोना, बंद करो।' इसके बाद हम पति-पत्नी इस दिशा में सक्रिय हैं-देखो कब तक मिलता है नमस्कार सुख।

## नॉलेज कॉर्नर: दुनिया के डिजिटल कैमरों से तीन गुना ज्यादा शक्तिशाली

# सबसे बड़ा कैमरा खोलेगा अंतरिक्ष के राज

दुनिया तेजी से बदल रही है। तकनीक अब इंसान को धरती से आगे ब्रह्मांड की तह में झांकने के सपने दिखा रहा है। इन्हीं सपनों को साकार करने की पहली सीढ़ी बनने जा रहा है दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल कैमरा। दरअसल, भारत से दूर उत्तरी चिली के मरुस्थल में पहाड़ियों के ऊपर दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल कैमरा लगाया जा रहा है। कहा जा रहा है कि ये कैमरा इंसान को दूर दिख रहे सितारों के बेहद नजदीक पहुंचा देगा। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल कैमरे से जुड़ी अनेक दिलचस्प खासियतों के बारे में...

### सात साल में तैयार हुआ यह कैमरा

जानकारी के मुताबिक कैमरा निर्माण में सात साल लगते हैं। कैमरा एक बार इंस्टॉल होने के बाद पूरे एक दशक तक सदर्न नाइट स्काई का सर्वेक्षण करेगा। यह कैमरा लेंस से निकलने वाले रेफ्लेक्शन को इलेक्ट्रिक सिग्नल में बदलता है और साफ तस्वीर तैयार करता है। जिसमें इसकी मदद इसमें लगे 189 CCD सेंसर करते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इसकी मदद से स्पेस की कई जानकारियां हासिल हो सकेंगी और स्पेस से जुड़े कई राज खुलेंगे। इस संबंध में SLACके एक



प्रवक्ता ने कहा कि कैमरा एक दशक तक सर्वेक्षण करेगा, जिससे डेटा तैयार होगा। इस डेटा को वैज्ञानिक यूनिवर्स के कुछ बड़े रहस्यों को बेहतर ढंग से समझने के लिए तैयार करेंगे, जिसमें डार्क एनर्जी और डार्क मैटर की प्रकृति भी शामिल है।

### रहस्यों की जानकारी

यह डिजिटल कैमरा 2.8 मीट्रिक टन का है और इसका आकार एक कार जैसा है। चिली की वेरा सी रूबिन ऑब्जर्वेटरी के वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि यह कैमरा अंतरिक्ष के कई राज खोलेगा। दरअसल, इसकी पहुंच दूर के उन तारों तक भी रहेगी जिन्हें अब तक देख पाना संभव नहीं था। बताया जा रहा है कि 80 करोड़ डॉलर में बना ये कैमरा हर तीन दिन में आसमान का एक चक्कर लगाएगा, इस चक्कर के दौरान वह अंतरिक्ष के एक से बढ़ कर एक फोटो खींचेगा।

### कितने मेगापिक्सल की तस्वीरें लेगा

*दुनिया का ये सबसे बड़ा डिजिटल कैमरा 3200 मेगापिक्सल की तस्वीरें कैद करेगा। इससे खींची गई तस्वीर एक औसत टेलीविजन तस्वीर से लगभग 300 गुना ज्यादा बड़ी होगी। आपको बता दें, यह कैमरा दुनिया के अब तक के सबसे बड़े कैमरे से तीन गुना ज्यादा शक्तिशाली है।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
हमारे तीसरे टर्म में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनेगा, ये मोदी की गारंटी है।



**अश्विनी वैष्णव,** रेलमंत्री
@AshwiniVaishnaw
जयपुर का world-class रेलवे स्टेशन बनेगा पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र! : ,



**दीया कुमारी,** उपमुख्यमंत्री, राजस्थान
@KumariDiya
'ग्रैमी अवार्ड' जीतने पर प्रसिद्ध भारतीय गायक शंकर महादेवन जी, तबला वादक जाकिर हुसैन जी, बांसुरी वादक राकेश चौरसिया जी, जॉन मैकलॉलिन जी, वी सेल्वागणेश जी और गणेश राजगोपालन जी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। दुनिया के सबसे सम्मानित संगीत पुरस्कार को जीतकर आपने ना सिर्फ देश को गौरवान्वित किया है, बल्कि करोड़ों युवाओं को प्रेरित भी किया है। इस उपलब्धि पर देश को गर्व है।

**लोकसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग** का राजनीतिक दलों को कड़ा निर्देश

# चुनाव प्रचार में न करें बच्चों का इस्तेमाल, गोद में उठाने की भी मनाही

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने चुनाव प्रचार अभियान में बच्चों का इस्तेमाल करने पर कड़ी नाराजगी जताई है।

उसने राजनीतिक दलों से कहा कि वे पोस्टर और पर्चों सहित प्रचार की किसी भी सामग्री में बच्चों का इस्तेमाल किसी भी रूप में न करें। चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों के लिए जारी एक परामर्श में यह बातें कही हैं। आयोग ने राजनीतिक पार्टियों से में कहा कि नेताओं और उम्मीदवारों को प्रचार गतिविधियों में बच्चों का इस्तेमाल किसी भी तरीके से नहीं करना चाहिए, चाहे वे बच्चे को गोद में उठा रहे हों या वाहन में या फिर रैलियों में बच्चे को ले जाना हो।

आयोग ने कहा कि किसी भी तरीके से राजनीतिक प्रचार अभियान चलाने के लिए बच्चों के इस्तेमाल पर भी यह प्रतिबंध लागू है जिसमें कविता, गीत, बोले गए शब्द, राजनीतिक दल या उम्मीदवार के प्रतीक चिह्न का प्रदर्शन शामिल है।






गौरतलब है कि हाल-फिलहाल में चुनावी अभियान के दौरान बच्चों का इस्तेमाल बढ़ता देखा गया है। अलग-अलग पार्टियों के नेता चुनाव प्रचार के दौरान छोटे बच्चों के साथ वोट मांगते नजर आते हैं।

### चुनाव आयोग के अहम निर्देश

- राजनीतिक दल किसी भी चुनाव में बच्चों को शामिल नहीं करें।
- रैलियों, नारे लगाने, पोस्टर वितरित करने सहित अभियान से बच्चों को दूर रखें।
- चुनाव प्रचार या रैलियों के दौरान राजनीतिक नेताओं और उम्मीदवारों को अपने वाहन में बच्चे को गोद में रखने या ले जाने की भी अनुमति नहीं है।

### बच्चा मां-बाप या अभिभावक के साथ रह सकता है मौजूद

आयोग ने कहा,अगर कोई नेता जो किसी भी राजनीतिक दल की चुनाव प्रचार गतिविधि में शामिल नहीं है और वह कोई बच्चा अपने माता-पिता या अभिभावक के साथ उसके समीप केवल मौजूद रहता है। ऐसी परिस्थिति में यह दिशानिर्देशों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने निर्वाचन आयोग के प्रमुख हितधारकों के रूप में राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर लगातार जोर दिया है। खासतौर से उन्होंने आगामी संसदीय चुनावों के मद्देनजर लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में उनसे सक्रिय भागीदार बनने का आग्रह किया है।

### चुनाव अधिकारियों को दिए कार्रवाई के निर्देश

चुनाव आयोग ने दिशा निर्देशों में यह भी कहा है कि जिला चुनाव अधिकारी और रिटर्निंग अधिकारी बाल श्रम के बारे में सभी प्रासंगिक अधिनियमों और कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी वहन करेंगे। आयोग ने इन प्रावधानों के किसी भी उल्लंघन पर गंभीर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए हैं। आयोग ने सभी पार्टियों को दिव्यांग व्यक्तियों (पीवीआईडी) के प्रति सम्मानजनक बातचीत बनाए रखने के लिए भी कहा है।

## पीएम आज करेंगे भारत ऊर्जा सप्ताह का उद्घाटन



**पणजी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को गोवा में भारत ऊर्जा सप्ताह 2024 का उद्घाटन करेंगे और 1,350 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखने के अलावा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के स्थायी परिसर को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। पीएम मोदी विकसित भारत, विकसित गोवा 2047 कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री दक्षिण गोवा के बेतुल गांव में ओएनजीसी सी सर्वाइवल सेंटर का पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे उद्घाटन करेंगे और भारत ऊर्जा सप्ताह की शुरुआत करेंगे। ऊर्जा सप्ताह, भारत की सबसे बड़ी और एकमात्र सर्वव्यापी ऊर्जा प्रदर्शनी व सम्मेलन होगा।

## चिराग ने 11 लोस सीटों के घोषित किए पार्टी प्रभारी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पूर्व बिहार में जारी सियासी सरगर्मी के बीच लोजपा (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने राज्य की 11 लोकसभा सीटों के लिए प्रभारियों का ऐलान किया है। चिराग ने जिन सीटों के लिए प्रभारियों का ऐलान किया है, उनमें हाजीपुर, जमुई, खगड़िया, समस्तीपुर, वैशाली, बेगूसराय, नवादा, जहानाबाद, वाल्मीकिनगर, सीतामढ़ी और गोपालगंज शामिल है। सूत्रों के अनुसार ये सीटें उसकी प्राथमिकताओं में शामिल हैं और इनमें जो भी सीटें दी जाएंगी, उस पर वो लड़ने के लिए तैयार हैं। हाजीपुर के लिए भी प्रभारी का ऐलान कर पार्टी ने इस सीट पर अपना दावा ठोक दिया है। इस सीट पर चिराग पासवान और उनके चाचा पशुपति पारस के बीच खींचतान चल रही है। अभी इस सीट से पशुपति पारस ही सांसद हैं।

**झारखंड:** झामुमो नीत गठबंधन ने दिखाई ताकत, विपक्ष में 29 मत पड़े

# चंपई सरकार ने 47 वोटों से पास की पहली सियासी अग्नि परीक्षा

**एजेंसी** | रांची

तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री बने चंपई सोरेन ने सोमवार को राज्य विधानसभा के विशेष सत्र में आसानी से बहुमत साबित साबित कर दिया। चंपई पहली सियासी अग्निपरीक्षा में सफल रहे।

विश्वासमत के प्रस्ताव के पक्ष में 47 वोट पड़े। वहीं, इसके खिलाफ 29 वोट पड़े। 81 सदस्यीय राज्य विधानसभा में एक सीट रिक्त है। इस प्रकार सीएम चंपई सोरेन को बहुमत साबित करने के लिए 41 सदस्यों के समर्थन की जरूरत थी। सदन में मतदान के दौरान 77 विधायक उपस्थित रहे।

जबकि जेएमएम के रामदास सोरेन, भाजपा के इंद्रजीत महतो और निर्दलीय अमित महतो अनुपस्थित रहे। रामदास सोरेन और इंद्रजीत महतो की तबीयत खराब हैं। लेकिन अमित महतो ने वोटिंग के दौरान गायब रह कर सभी को चौंकाने दिया। भूमि घोटाले में ईडी द्वारा हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद राज्य में सियासी संकट खड़ा हो गया था। इससे पहले चंपई सोरेन उन्होंने सोमवार को विश्वास मत पेश किया और इसके बाद इसपर चर्चा शुरू हुई। चर्चा की शुरुआत चंपई सोरेन ने की और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की। इसमें हमने उन्हें असफल कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा हेमंत सोरेन को झूठे मामलों में फंसाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है।



### ED की हिरासत में पहुंचे विधानसभा में

हेमंत सोरेन ईडी की हिरासत में विधानसभा पहुंचे थे और विश्वास मत प्रस्ताव पर हुई वोटिंग में हिस्सा लिया। उन्होंने दावा कि ईडी के अधिकारियों ने विधानसभा में स्पीच देने से भी रोका। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने हेमंत सोरेन को लंबी पूछताछ के बाद 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था।

### आंसू नहीं बहाऊंगा, मुंहतोड़ जवाब दूंगा

इसके बाद हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार, राज्यपाल और भाजपा पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा,मैं भाजपा को मेरे खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप साबित करने की चुनौती देता हूं, अगर आरोप साबित हुए तो राजनीति छोड़ दूंगा। राजनीति से संन्यास ही नहीं झारखंड छोड़ दूंगा। उन्होंने कहा कि आंसू नहीं बहाऊंगा, उचित समय आने पर 'सामंती ताकतों' को मुंहतोड़ जवाब दूंगा। केंद्र की साजिश रचे जाने के बाद राजभवन ने मेरी गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभाई। दूसरी ओर भाजपा नेता अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हेमंत सोरेन जी को पहली बार विधायक से उपमुख्यमंत्री बनाने का काम भाजपा ने किया। कांग्रेस ने कभी नहीं चाहा है कि यहां के लोगों का भला हो। झारखंड का निर्माण भाजपा ने किया। उन्होंने कहा, कानून से उपर कोई नहीं है।

### न्याय यात्रा के बीच राहुल की कल्पना सोरेन से मुलाकात, बढ़ी सियासी अटकलें

**रांची।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर झारखंड पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रांची में सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन से मुलाकात की। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद राहुल गांधी की कल्पना सोरेन से यह मुलाकात राजनीतिक दृष्टि से काफी अहम मानी जा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले समय में जेएमएम की बागडोर कल्पना सोरेन के हाथों में आ सकती है। वहीं राहुल गांधी ने इस मुलाकात के माध्यम से देशभर के आदिवासी समाज को भी संदेश देने का काम किया। राहुल ने एक दिन पहले ही कहा था कि उनकी पार्टी जंगल,जल जमीन के मामले में आदिवासियों के साथ रही है। सूत्रों के अनुसार यह मुलाकात इस बात का भी संकते है कि झारखंड में कांग्रेस अगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान जेएमएम के साथ मिलकर ही चुनाव मैदान में उतरेगी।



### पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की तारीफ

सूत्रों के अनुसार हेमंत सोरेन ने जिस तरह से 'इंडिया' गठबंधन में रहते हुए तमाम तरह के दबाव के बावजूद कांग्रेस का साथ नहीं छोड़ा, उसके लिए राहुल गांधी ने कल्पना सोरेन के सामने पूर्व सीएम की तारीफ की। राहुल गांधी ने कल्पना सोरेन को भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी इस संघर्ष में उनके साथ है।

**गीता भक्ति अमृत महोत्सव**

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा साहसिक कार्य: भागवत

**एजेंसी** | मुंबई



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को एक साहसी कार्य बताया है। उन्होंने आगे कहा कि यह कार्य केवल भगवान के आशीर्वाद और इच्छा के कारण ही हो पाया है। महाराष्ट्र में पुणे जिले के आलंदी में गीता भक्ति अमृत महोत्सव में अपने संबोधन के दौरान भागवत ने कहा कि भारत को अपने कर्तव्य के लिए उठना होगा। अगर यह किसी भी कारण से समर्थ नहीं हुआ तो जल्द ही पूरे विश्व को विनाश का सामना करना पड़ सकता है। भागवत ने कहा कि, आज की पीढ़ी के लिए ग़ह सौभाग्य है कि उन्हें रामलला को अपने स्थान पर देखने का मौका मिला। उन्हें भी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष को ऊपर उठना होगा, क्योंकि पूरी दुनिया को भारत की जरूरत है। इस तरह की स्थिति बनी हुई है, जिसके बारे में दुनियाभर के बुद्धिजीवी जानते हैं।

## सत्ता मिली तो आरक्षण की सीमा को हटा देंगे: राहुल

**एजेंसी** | रांची

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर राष्ट्रव्यापी जाति आधारित जनगणना कराने और आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाने का सोमवार को वादा किया। राहुल गांधी ने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा ने झामुमो-कांग्रेस- राजद सरकार को गिराने का प्रयास किया, क्योंकि मुख्यमंत्री एक आदिवासी थे। गांधी ने यहां शहीद मैदान में आयोजित एक रैली में कहा, गठबंधन के सभी विधायकों, (चंपई) सोरेन जी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने भाजपा-आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) की साजिश को रोक दिया और गरीबों की सरकार की रक्षा की।

राहुल गांधी ने दावा किया कि दलितों, आदिवासियों, अन्य पिछड़ा वर्गों को बंधुआ मजदूर बनाया गया

**कांग्रेस नेता जयराम रमेश** की टिप्पणी पर पलटवार

## परिवार की सेवा करके नहीं पाया पद, खुद अर्जित किया: जयशंकर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने 'सरकार के लिए काम किया है नाकि किसी परिवार के लिए।' वे कांग्रेस नेता जयराम रमेश की एक टिप्पणी का जवाब दे रहे थे। दरअसल जयशंकर पर निशाना साधते हुए जयराम रमेश ने गत दिनों कहा था कि उन्होंने अपनी बौद्धिक ईमानदारी और निष्पक्षता को खो दिया है।



मीडिया रिपोर्टों के अनुसार जयशंकर ने एक अंग्रेजी मैग्जीन के साथ बातचीत में कहा कि हम सरकार के लिए काम करते हैं। हमने एक परिवार के लिए काम नहीं किया। लेकिन जो लोग एक परिवार के लिए काम करते हैं, वे यही सोचते हैं कि बाकी सभी लोग भी उसी एक परिवार के लिए काम करें। मंत्री ने कहा कि उन्होंने अपना पद खुद अर्जित किया है और ये किसी एक परिवार की सेवा से नहीं मिला है। एक्स पर अपने पोस्ट में, कांग्रेस पार्टी के महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने जयशंकर पर प्रधानमंत्री को अधिक खुश करने के लिए नेहरू की आलोचना करने का आरोप लगाया था। जयराम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा था, मैं हर बार जब भी विदेश मंत्री के नेहरू पर दिए गए बयानों को पढ़ता हूं, तो मुझे सिर्फ इतना याद आता है कि वह अपनी अच्छी पोस्टिंग के लिए नेहरूवादियों के आसपास कितनी परिक्रमा करते थे।

## राम मंदिर मुद्दे के बधाई पर बंटी नजर आई सपा

**लखनऊ।** विधानसभा में श्रीराम जन्मभूमि पर राम मंदिर निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई संदेश के मुद्दे पर सोमवार को विधानसभा में समाजवादी पार्टी बंटी हुई नजर आई। बधाई संदेश के विरोध में सपा के 14 विधायकों ने हाथ उठाए जबकि शेष विधायकों ने बधाई संदेश का विरोध नहीं किया। विधानसभा में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने राम मंदिर निर्माण के लिए विधानसभा की ओर से पीएम मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के नाम बधाई संदेश पारित करने का प्रस्ताव रखा था।

**अयोध्या के विकास** को मिलेगी गति

## महाकुम्भ-2025 के लिए 2600 करोड़ रुपए का होगा आवंटन

**एजेंसी** | लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और उसे आगे बढ़ाने पर खास जोर दिया है। सरकार ने बजट में अगले साल होने वाले महाकुम्भ के लिए 2600 करोड़ रुपए के आवंटन का प्रस्ताव किया है।

इसके अलावा अयोध्या के विकास के लिए भी उल्लेखनीय बजट का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सोमवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तावित बजट अनुमानों को पेश करते हुए कहा कि बजट में महाकुम्भ 2025 के आयोजन के लिए नगर विकास विभाग की मद में 2500 करोड़ और संस्कृति विभाग की मद में 100 करोड़ रुपए आवंटित करने का प्रस्ताव है।



प्रदेश में धर्मार्थ मार्गों के विकास के लिए 1750 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। उअयोध्या के सर्वांगीण विकास के लिये 100 करोड़ रुपए का प्रावधान है।

लखनऊ में दिल्ली की तर्ज पर एयरोसिटी का होगा निर्माण होगा। 1500 एकड़ में इसका विकास होगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने यूपी बजट को प्रभु श्रीराम को समर्पित किया।

**नीतीश 12 को साबित करेंगे बहुमत**

# बिहार में फ्लोर टेस्ट से पहले 'खेला' होने के दावों से गरमाई सियासत

**एजेंसी** | पटना

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 12 फरवरी को बहुमत साबित करना है, लेकिन विश्वास मत से पहले ही वहां फिर खेला होने के सुर मुखर होने लगे हैं। राजद नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के अलावा राजग में शामिल जीतनराम मांझी भी खेला होने की बात कह रहे हैं।

हालांकि यह माना जा रहा है राजग नीत गठबंधन के पास जरूरी बहुमत है और वह यह परीक्षा पास कर लेगा। दूसरी ओर कांग्रेस अपने सदस्यों को एकजुट रखने के लिए पहले ही हैदराबाद भेज चुकी है। नीतीश कुमार ने 28 जनवरी को महागठबंधन का साथ छोड़ फिर से भाजपा के साथ नई सरकार का गठन किया था। अब इस नई सरकार को 12 फरवरी को विधानसभा में बहुमत सिद्ध करना है।







हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संयोजक और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने सीएम नीतीश कुमार पर हमला बोला है। दरअसल पहले मांझी राजग की नई सरकार में दो मंत्रालय मांग रहे थे। हालांकि पार्टी को एक ही विभाग मिला और मांझी के बेटे संतोष सुमन को मंत्री बनाया गया। सूत्रों के अनुसार बेटे को अच्छा मंत्रालय नहीं मिलने से मांझी नाराज हैं।

मांझी ने कहा कि उन्हें भी यही विभाग दिया था। मांझी के रुख को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है।

### बिहार विधानसभा: जीत का गणित

बिहार विधानसभा में 243 सीटें हैं। बहुमत का आंकड़ा 122 है। राजग सरकार ने 128 सदस्यों के समर्थन का दावा पेश किया है। अगर जीतन राम मांझी के चार विधायक न भी हो तो राजग का आंकड़ा 124 रहेगा।

### जदयू बहुमत साबित करने के प्रति आश्वस्त

वहीं, फ्लोर टेस्ट को लेकर नीतीश कुमार के करीबी नेता अशोक चौधरी ने दावा किया कि खेला तो होगा ही लेकिन किसके पक्ष में होगा, क्या होगा, ये तो समय बताएगा। अशोक चौधरी ने कांग्रेस विधायकों के हैदराबाद जाने की बात पर कहा कि कहीं जाएं यह उनकी पार्टी का मामला है। मंत्रिमंडल विस्तार पर कहा कि यह सीएम तय करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस ने विधायकों के टूटने को लेकर आशंकित है। सरकार में जदयू के मंत्री विजय चौधरी ने तेजस्वी यादव के बयान 'खेल तो अभी बाकी है' पर कहा कि हर आदमी अपनी तरह से कोशिश करता है,लेकिन लोकतंत्र में ये गणित का खेल है। उन्होंने कहा कि हमारे पास बहुमत है। सरकार साबित कर देगी, ये सभी जानते हैं। लेकिन अगर यही 'खेल' है तो 'खेल' होगा।

### परिवारवाद के चलते लालू परेशान: कुशवाहा

**सीतामढ़ी।** राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने कहा है कि लालू प्रसाद यादव परिवारवाद की राजनीति के चलते परेशान हैं। राजद के साथ जदयू के चले जाने पर टिप्पणी करते हुए कुशवाहा ने कहा, नीतीश कुमार बड़े भाई हैं। उन्हें सचेत किए थे। भूल मत कीजिए। बाद में उनकी बात सच साबित हुई। उनका (नीतीश कुमार) निर्णय बिहार के हित में नहीं था। अब एनडीए के साथ हैं। इसके लिए उन्हें धन्यवाद। कुशवाहा ने डुमरा हवाई अड्डा मैदान में सोमवार को पार्टी महारैली में ये बातें कही। उन्होंने कहा, वे बिहार में शिक्षक की बहाली की प्रक्रिया और शिक्षा में सुधार के मुद्दे पर भी बोलते रहे हैं, ताकि योग्य शिक्षक बहाल हो और बिहार के बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिले। अब उस पर सरकार अमल कर रही है। बीपीएससी के तहत शिक्षकों की बहाली की जा रही है। कहा, राज्य सरकार पात्रता परीक्षा में फेल होने वाले शिक्षकों को हटाने की सोच रही है। यह सोच अन्याय पूर्ण है। ऐसे शिक्षकों को दूसरे विभागों में समायोजन किया जाना चाहिए।

## जरूरी खबर

### तेजस्वी यादव की याचिका पर आदेश सुरक्षित



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राजद नेता तेजस्वी यादव की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने उनकी एक टिप्पणी को लेकर अहमदाबाद की एक अदालत में उनके खिलाफ लंबित आपराधिक मानहानि शिकायत को राज्य के बाहर किसी स्थान पर, विशेषकर दिल्ली स्थानांतरित करने की मांग की है। आरोप है कि उन्होंने कथित रूप से टिप्पणी की थी कि केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं। जस्टिस ए एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने यादव द्वारा दायर माफी के एक ताजा बयान को रिकॉर्ड पर लिया।

### निजी क्षेत्र में आरक्षण पर केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हरियाण के निवासियों के लिए निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण देने वाले कानून को असंवैधानिक घोषित करने के पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका पर सोमवार को केंद्र से जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान दो जजों की खंडपीठ ने हरियाणा द्वारा दायर अपील पर केंद्र और फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन को भी नोटिस जारी किया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हाईकोर्ट का फैसला पूरी तरह तर्कहीन था।

### पैन-आधार लिंक में देरी पर वसूला 600 करोड़ का जुर्माना




**नई दिल्ली।** सरकार ने पैन-आधार लिंकिंग में देरी के लिए 600 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। सरकार ने संसद को सोमवार को सूचित किया कि लगभग 11.48 करोड़ स्थायी खाता संख्याएं अभी भी बायोमेट्रिक पहचान से जुड़ी नहीं हैं। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में कहा कि छूट वाली श्रेणियों को छोड़कर, आधार से लिंक नहीं किए गए पैन की संख्या 29 जनवरी, 2024 तक 11.48 करोड़ है। दरअसल, 30 जून, 2023 की अंतिम तिथि के बाद अपने पैन और आधार को लिंक नहीं करने वाले व्यक्तियों से 1,000 रुपए की पेनल्टी के माध्यम से सरकार की कमाई के विवरण के संबंध में एक प्रश्न पूछा गया।

## धर्मगुरुओं ने की पीएम मोदी से मुलाकात



**नई दिल्ली।** *विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं सोमवार को संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इससे पहले ऑल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन के मुखिया इमाम उमेर अहमद इलियासी ने कहा कि हम मानवता का संदेश देना चाहते हैं और बताना चाहते हैं कि यही सबसे बड़ा धर्म है। हम भारत में रहते हैं और भारतीय हैं। हमें देश को मजबूत बनाना चाहिए। हम एकजुट हैं।*

### सर्दी से कांपा कश्मीर, -11 डिग्री तक पहुंचा पारा



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सोमवार को अधिकतर स्थानों पर तापमान जमाव बिंदु से नीचे चले जाने के साथ ही घाटी में शीतलहर का प्रभाव बढ़ गया है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर का पहलगाम रविवार घाटी का सबसे ठंडा स्थान रहा। यहां न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 11.9 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि पिछली रात यह शून्य से नीचे 3.5 डिग्री सेल्सियस से कम था। उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग में तापमान पिछली रात शून्य से नीचे सात डिग्री से तीन अंक नीचे लुढ़क कर 10 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग में तापमान शून्य से नीचे 1.4 डिग्री और काजीगुंड में शून्य से नीचे 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**चंडीगढ़ मेयर चुनाव** मामले में सुप्रीम की कड़ी टिप्पणी...

# यह लोकतंत्र की हत्या, रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का दिया आदेश

**एजेंसी** | नई दिल्ली

चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। कोर्ट ने मेयर चुनाव के सारे रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने के आदेश दिए हैं। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि यह साफ है कि रिटर्निंग अधिकारी ने मतपत्रों को विकृत किया है।

कोर्ट ने सवाल पूछा कि क्या इसी तरह से चुनाव का आयोजन होता है। ऐसा बर्ताव लोकतंत्र की हत्या है। पूरे मामले से हम हैरान हैं। उन्होंने चुनाव अधिकारी का वीडियो देखते हुए कहा कि इस आदमी पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

क्या यह पीठासीन अधिकारी का व्यवहार है? सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के पार्षद और



मेयर पद के उम्मीदवार कुलदीप कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

याचिका पर मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में तीन जजों की पीठ ने सुनवाई की।

साथ ही, सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल के माध्यम से मतपत्र, वीडियोग्राफी और अन्य सामग्री समेत चुनाव प्रक्रिया के पूरे रिकॉर्ड को संरक्षित करने का आदेश दिया। वहीं अगली सुनवाई तक चंडीगढ़ निगम की आगामी बैठक को टालने का निर्देश दिया।

### नवनिर्वाचित मेयर सहित अन्य को नोटिस जारी

आम आदमी पार्टी का आरोप है कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से नहीं हुआ था और मतपत्रों से छेड़छाड़ की गई। ऐसे में आप ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में नए सिरे से चुनाव कराने की मांग की थी। हालांकि हाईकोर्ट ने आप पार्षद को अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ प्रशासन, नगर निगम, पीठासीन अधिकारी और नव-निर्वाचित मेयर मनोज सोनकर सहित अन्य को नोटिस जारी कर तीन सप्ताह के भीतर अपना जवाब देने को कहा था। इस पर आप पार्षद ने अंतरिम राहत न मिलने और तीन सप्ताह बाद मामले को सूचीबद्ध करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में ये भी मांग की गई थी कि नव-निर्वाचित मेयर के कामों पर रोक के निर्देश दिए जाएं।

**गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना**

## अब राज्य भी सिमी पर कर सकेंगे कार्रवाई

**एजेंसी** | नई दिल्ली




देश के सभी राज्य व केंद्र शासित प्रदेश आतंकी संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) को यूएपीए के तहत गैरकानूनी घोषित कर सकते हैं। गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक अधिसूचना जारी करके राज्यों को यह अधिकार दिया है।

इससे पहले केंद्र सरकार ने गत दिनों सिमी पर गैरकानूनी संगठन के रूप में प्रतिबंध को पांच सालों के लिए बढ़ा दिया था। केंद्र सरकार की ओर से कहा गया था कि सिमी को भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता को खतरे में डालने के लिए, आतंकवाद को बढ़ावा देने, शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने में शामिल पाया गया है।

### कई राज्यों ने की थी सिफारिश


आंध्र प्रदेश, गुजरात, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश सरकार ने गैरकानूनी गतिविधियों के प्रावधानों के तहत सिमी को गैरकानूनी संगठन घोषित करने की सिफारिश की थी। साल 2001 में पहली बार सिमी को गैरकानूनी घोषित करते हुए 2002 में प्रतिबंधित किया गया था। इसके बाद तब से तब से समय-समय पर प्रतिबंध बढ़ाया जाता रहा है। 25 अप्रैल 1977 को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया यानी सिमी की स्थापना हुई थी। सिमी का मिशन भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाना है।

**53 साल बाद** आया फैसला

## लाक्षागृह केस में हिंदू पक्ष की जीत

**एजेंसी** | बागपत

उत्तर प्रदेश बागपत के बरनावा में स्थित महाभारतकालीन लाक्षागृह पर चल रहे विवाद में 53 वर्ष बाद सोमवार को हिंदुओं के पक्ष में फैसला आया। सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने मुस्लिम पक्ष के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें उसने लाक्षागृह की 100 बीघा जमीन को शेख बदरूद्दीन की मजार और कब्रिस्तान बताया था। मुस्लिम पक्ष ने हाईकोर्ट में अपील की बात कही है। बरनावा में स्थित लाक्षागृह टीले की 100 बीघा जमीन को लेकर हिंदू व मुस्लिम पक्ष के बीच पिविवाद चल रहा है।



31 मार्च 1970 में मेरठ के सरधना की कोर्ट में बरनावा निवासी मुकीम खान ने एक वाद दायर कराया था। इसमें लाक्षागृह गुरुकुल के संस्थापक ब्रह्मचारी कृष्णदत्त उर्फ स्वामी को प्रतिवादी बनाया गया था। सोमवार को मुकदमे की सुनवाई पूरी हो गई और सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रथम शिवम द्विवेदी ने मुकदमे में फैसला सुनाते हुए मुस्लिम पक्ष के दावे को खारिज कर दिया।

### हेट स्पीच मामले में मोलाना अजहरी को किया गिरफ्तार

**मुंबई।** गुजरात के जूनागढ़ में भड़काऊ भाषण देने के आरोपी मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी को गुजरात एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है। बाद में पुलिस उन्हें लेकर घाटकोपर थाने पहुंची। इसके बाद थाने के बाहर बड़ी संख्या में मौलाना के समर्थकों की भीड़ जुट गई। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए हल्के लाठीचार्ज का सहारा लिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुजरात पुलिस की टीम मुफ्ती को लेकर जूनागढ़ रवाना हो गई। विवादित भाषण 31 जनवरी की रात को एक कार्यक्रम में दिया गया था।

## सूरीनाम का संसदीय दल भारत दौरे पर



**नई दिल्ली।** *सूरीनाम की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष मारिनस बी के नेतृत्व में वहां का एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल भारत के दौरे पर आया हुआ है। प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की।*

**ग्रैमी अवॉर्ड्स में भारत का जलवा: पीएम मोदी ने दी बधाई**

# संगीत समूह शक्ति को 'दिस मोमेंट' के लिए वैश्विक संगीत का पुरस्कार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

**जाकिर हुसैन ने तीन ग्रैमी पुरस्कार जीत रचा इतिहास, राकेश चौरसिया को दो, महादेवन, गणेश राजगोपालन और सेल्वागणेश को भी मिला अवॉर्ड**

2024 के ग्रैमी अवाड्र्स में भारत का जलवा देखने को मिला। मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन और गायक शंकर महादेवन के एक फ्यूजन संगीत समूह 'शक्ति' ने 'दिस मोमेंट' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीता है। इस एल्बम में संगीत समूह के संस्थापक सदस्य गिटार वादक जॉन मैकलॉघलिन के साथ हुसैन, महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और तालवादक सेल्वागणेश विनायकराम शामिल हैं। इसके अलावा बांसुरीवादक राकेश चौरसिया को भी ग्रैमी



पुरस्कार मिला है। शक्ति' का 45 से अधिक वर्षों में पहला स्टूडियो एल्बम 'दिस मोमेंट' जून 2023 में रिलीज किया गया था। भारत की ओर से जाकिर हुसैन ने तीन ग्रैमी अवार्ड जीतकर इतिहास रचा। वहीं, राकेश चौरसिया ने दो ग्रैमी जीते हैं। फ्यूजन ग्रुप शक्ति में हुसैन के सहयोगी



गायक शंकर महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और परकशनिस्ट सेल्वगनेश विनायकराम ने एक-एक ग्रैमी पुरस्कार जीता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रैमी अवॉर्ड विजेता पांचों भारतीयों जाकिर हुसैन, राकेश चौरसिया, शंकर महादेवन, गणेश राजगोपालन और सेल्वगणेश वी को बधाई दी है।

### दुनिया भर के चुनिंदा सितारों ने मारी बाजी

इस साल ग्रैमी अवॉर्ड्स जीतने वालों में माइली साइरस ने डोजा कैट, दुआ लीपा, बिली इलिश, ओलिविया रोड्रिगो और टेलर स्विफ्ट जैसे तमाम सितारे शामिल हैं।

### यह ग्रैमी में भारत का वर्ष: रिकी केज

पुरस्कार समारोह में शामिल हुए दो बार के ग्रैमी विजेता रिकी केज ने 2024 को ग्रैमी में भारत का वर्ष बताया। उन्होंने कहा, वाह...! यह ग्रैमी में पूरी तरह से भारत का वर्ष है। वाह..राकेश चौरसिया, शंकर महादेवन, गणेश राजगोपालन, सेल्वागणेश विनायकराम और उस्ताद जाकिर हुसैन...। एक ही साल में पांच भारतीय ग्रैमी पुरस्कार जीते हैं।

### भारत को गर्व: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, ग्रैमी में आपकी अभूतपूर्व सफलता पर आपकी असाधारण प्रतिभा और संगीत के प्रति समर्पण ने दुनिया भर में दिल जीत लिया है। भारत को गर्व है! ये उपलब्धियां आपके द्वारा की जा रही कड़ी मेहनत का प्रमाण हैं। यह नई पीढ़ी के कलाकारों को बड़े सपने देखने और संगीत में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए भी प्रेरित करेगी। इस साल का ग्रैमी अवॉर्ड्स समारोह का आयोजन रविवार रात लॉस एंजलिस के क्रिप्टो.कॉम एरिना में किया गया था।

## गुरु रंधावा ने सई मंजरेकर के साथ जयपुर में किया अपकमिंग मूवी का प्रमोशन

# लाइफ को हल्के में मत लो, चैलेंज आएंगे तभी गाड़ी आगे बढ़ पाएगी

**बेधड़क.जयपुर।** सलमान मेरे मेंटोर थे और हमेशा रहेंगे। मैं जो कुछ भी हूं, जहां भी हूं मॉम-डेड और सलमान सर की वजह से ही हूं। मैं बीच-बीच में उनको डायरेक्ट कॉल करती हूं। एक किस्सा बताती हूं, कि जब आगरा में मूवी की शूटिंग पूरी हुई तो रात के करीब ढाई-3 बज रहे थे और गुरु ने सलमान सर को कॉल लगा दिया। गुरु उनसे ब्लेसिंग लेना चाहते थे। मैंने गुरु को खूब मना किया, लेकिन वे नहीं माने और हंसते हुए सलमान सर को कॉल करने लगे। यह किस्सा जयपुर में बॉलीवुड एक्ट्रेस सई मंजरेकर ने अपनी आने वाली मूवी कुछ खट्टा हो जाए के प्रमोशन के दौरान शेयर किया। इस मौके पर गुरु रंधावा ने कहा कि बस मैंने सोचा सलमान सर से ब्लेसिंग लेनी चाहिए और समय न देखते हुए कॉल लगा दिया। हालांकि, सब कह रहे थे कि रात के 3 बजे हैं। मैंने कहा कि वे भी हमे फोन करते हैं। हमारा भी बनता है (हंसते हुए)। मेरे पास उनके डायरेक्टर नंबर हैं। ये बड़ा मिथ है कि उनके नंबर हमारे पास नहीं होंगे। हो सकता है कि शेरा के पास सलमान सर का नंबर है या नहीं (हंसते हुए)।


फोटो: पंकज शर्मा



### सिंगिंग ही मेरा बेस, गुरु ने दी गुरु को आवाज

गुरु ने कहा कि सिंगिंग कभी नहीं छोड़ सकता। मेरा बेस वही है। सिंगिंग और एक्टिंग दोनों में सुर पकड़ना होता है। मूवी में गुरु ने गुरु को आवाज दी है। मूवी में गाने भी मैंने गाए हैं। पहली मूवी के प्रेशर पर उन्होंने कहा कि कहते हैं लाइफ में ईजी मत हो। चैलेंज आएंगे तो लाइफ आगे जाएगी। गायकी के साथ-साथ मैंने एक्टिंग को एक्सेप्ट किया है। बात रही अनुपम खेर जैसे दिग्गज के साथ काम करने की तो पहले नर्वस था, क्योंकि मेरी पहली उनकी 532वीं मूवी है।

### मूवी में मैसेज अच्छा लगा

गुरु ने बताया कि मैंने इससे पहले भी कई स्क्रिप्ट सुनी थी। 2015-16 से ही मूवी ऑफर होने लगी थी, लेकिन मैं अच्छी कहानी के इंतजार में था। जब ये स्क्रिप्ट आई तो लगा कि करेक्टर जस्टिफाई कर सकता हूं। स्टारकास्ट से भी हेल्प मिलेगी, क्योंकि सब अच्छे स्टार हैं। मैसेज अच्छा लगा कि गर्ल एम्पावरमेंट की बात की गई है। सबके घर में मां, बेटी, बहन, बहू हैं और सबको सबकुछ करने का हक है। लड़कियों का जो मन करे करने देना चाहिए और दोनों को समान ट्रीट करना चाहिए। पहली मूवी थी तो काम को जानना जरूरी था। यही कारण था कि एक्टिंग वर्कशॉप जॉइन की और कुछ टिप्स लिए। उससे भी ज्यादा सिनेमा देखा। पहले चीजों को समझा और फिर मूवी में आया।

## गृह-गृह यज्ञ अभियान का शुभारंभ



**बेधड़क. जयपुर।** व्यसन मुक्ति रैली के साथ मुरलीपुरा क्षेत्र में गृह-गृह यज्ञ अभियान का श्रीगणेश किया गया। गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ के ट्रस्टी प्रहलाद शर्मा और गायत्री चेतना केंद्र मुरलीपुरा के कार्यकर्ता मनोज की अगुवाई में मुरलीपुरा के विकास नगर विस्तार के 11 घरों में यज्ञ हुआ। यज्ञ से पहले प्रभातफेरी के रूप में व्यसन मुक्ति रैली निकाली गई। स्थानीय निवासियों के साथ गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने नशा नाश की जड़ है भाई इसने ही सब आग लगाई..., गांजा भांग शराब तंबाकू तन मन के ये सब डाकू..., बीड़ी पीकर खांस रहा है मौत के आगे नाच रहा है... जैसे नारे लगाते हुए व्यसन मुक्ति रैली कॉलोनी के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन: राधा कृष्ण मंदिर पहुंची। विश्व कल्याण की कामना के साथ श्रद्धालुओं ने यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित कीं। प्रहलाद शर्मा, रामेश्वर प्रसाद शर्मा, गणपत वर्मा, मोहिनी सैनी, हर्ष मिश्रा, विनीता मिश्रा, के सी कौशिक, उमाशंकर खंडेलवाल, महेश सैनी, सीताराम शर्मा, भूपेंद्र शर्मा, ज्योति शर्मा ने यज्ञ के आचार्य और सहायक के रूप समय दान किया।

## श्रमदान कर ग्रीनरी का संकल्प







**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स ने श्रमदान और पौधारोपण करते हुए शहर को ग्रीन बनाने के संकल्प के लिए प्रयास किए। इस अवसर पर टीम-10 ने विद्याधर नगर में श्रमदान किया। कचरा साफ करते हुए ग्रीनरी के साथ ही सफाई को भी पुख्ता किया गया। अल सुबह ही दो ग्रुप पहुंच गए और उन्होंने प्लांटेशन किया और लोगों को भी सफाई व ग्रीनरी का महत्व बताया। ग्रीन बेल्ट की सार-संभाल भी की। साथ ही बड़े टैंकरों से पानी डाला गया। विभिन्न गलियों से पिकअप द्वारा मलवा उठाया गया।

# City इवेंट्स


## जयपुर और अचीवर्स रहे संयुक्त विजेता




**बेधड़क. जयपुर।** एसएमएस गोल्ड वास कप बारिश के कारण आयोजित नहीं हो सका और फाइनल में 'जयपुर' और 'अचीवर्स' दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। 'जयपुर' टीम में महेंद्र सिंह, सवाई पद्मनाभ सिंह आदि शामिल थे। वहीं 'अचीवर्स' टीम में लक्ष्य शर्मा, हिम्मत सिंह बेदला, अभिमन्यु पाठक और डेनियल ओटामेंडी शामिल थे। विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर दिग्विजय सिंह, विक्रमादित्य बरकाना, नरेंद्र सिंह और शांति चौधरी उपस्थित रहे।

## भट्ट निशुल्क देंगे सितार वादन प्रशिक्षण





**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केंद्र में 'स्ट्रींग म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट' और कावड़ निर्माण कार्यशाला मंगलवार से शुरू होगी, जिसमें 13 फरवरी तक परिजात 2 गैलेरी में स्ट्रींग म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट का पंडित कृष्ण मोहन भट्ट और पंडित चंद्र मोहन भट्ट सितार वादन का प्रशिक्षण देंगे। वर्कशॉप में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर निशुल्क हिस्सा लिया जा सकेगा। वहीं, 10-14 फरवरी तक ग्राफिक स्टूडियो-2 में कावड़ निर्माण कार्यशाला होगी। इसमें बस्सी, चित्तौड़गढ़ के विशेषज्ञ द्वारिका प्रसाद सुथार प्रतिभागियों को राजस्थान की कावड़ निर्माण के गुर सिखाएंगे।

## 21 राज्यों के खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

**बेधड़क. जयपुर।** भारतीय टैनीकोइट महासंघ के तत्वाधान में राजस्थान राज्य टैनीकोइट संघ की ओर से श्रीमहावीरजी (करौली) में 6-10 फरवरी तक होने वाली 40वीं जूनियर राष्ट्रीय टैनीकोइट प्रतियोगिता (बालक व बालिका) में स्थानीय प्लेयर्स भी हिस्सा लेंगे। मेजबान राजस्थान सहित देश भर से 21 राज्यों की टीमें इस दौरान दमखम दिखाएंगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान बालक टीम का कप्तान तेज बहादुर को बनाया गया है, जबकि बालिका टीम का कप्तान खुशबू होगी। राज्य टैनीकोइट संघ मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया, कि राजस्थान की टीम में बालक वर्ग: तेज बहादुर (कप्तान), धीरज सिंह (उप-कप्तान), कुलदीप सिंह, पिंटू गुर्जर, नीरज,सौरभ कुमार हैं।

## टेबलिंटन के 9वें संस्करण के दौरान खास मुकाबले

# जूनियर्स ने हरफनमौला अंदाज में सीनियर्स को किया रोमांचित



**बेधड़क** | जयपुर

कैरम बोर्ड पर जूनियर्स की उंगलियों का जादू कुछ ऐसा चला, कि पास खड़े बड़े भी उनको देखते रह गए। शॉर्प चाल और शॉट्र्स के जरिए सभी ने बेहतरीन खेल दिखाया। नजारा रहा निविक टेबलिंटन में किड्स कैरम का, जिसमें अमन रजा चैंपियन रहा। खेल महोत्सव टेबलिंटन के 9वें संस्करण के दौरान एस एम एस इंटरनेशनल स्टेडियम में खेल के कई मुकाबले देखने को मिले। टूर्नामेंट के मुख्य संयोजक डॉ. सौरभ जैन ने बताया कि टूर्नामेंट में बैडमिंटन, टेबल टेनिस और कैरम के मुकाबले खास रहे। संयोजक डॉ. मणि दूबे व डॉ. दिवाकर भार्गव ने बताया किड्स बैडमिंटन ओपन मुकाबलों में 10 वर्ष से कम आयु वर्ग में बुरहानुद्दीन विजेता तथा क्षितिज भार्गव उप-विजेता रहे। अद्विक चौधरी व अदेवेंद्र पाल सिंह तीसरे स्थान पर रहे। 10 से 13 साल के वर्ग में माधव व वीरल जैन के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। कांटे के मुकाबले को माधव ने जीता। वीरल जैन उपविजेता रहे। तीसरे स्थान पर हेमांग व विवान रहे। 13 से 16 वर्ष आयु वर्ग में देवांश ने मुकाबले को सीधे सेट्स में जीता। तनय कांकरिया उपविजेता रहे। ज्योतिरादित्य व वात्सल्य राठौड़ तीसरे स्थान पर रहे। लड़कियों के 13 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में निष्ठा विजेता, प्रिशा गोयल उप-विजेता रहीं। तीसरे स्थान पर अविका व स्नेहल रहीं।

## निर्वाणोत्सव के लिया हुआ पोस्टर लॉन्च

# सांगानेर संघीजी मंदिर में 2304 दीपकों से होगी विशेष अर्चना



**बेधड़क** | जयपुर

जैन धर्म के प्रवर्तक व प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के मोक्ष कल्याण दिवस को जैन समाज दीपोत्सव के रूप में मनाएगा। शहर के सभी दिगंबर जैन मंदिरों में 8 फरवरी को अभिषेक, शांति धारा, पूजन के साथ दीपोत्सव मनाया जाएगा।

ऐसे में अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान राजस्थान के पदाधिकारियों ने भगवान आदिनाथ के निर्वाणोत्सव पर संघीजी के मंदिर सांगानेर में आयोजित की जाने वाली 2304 दीपक से 48 मंडलीय दीपोत्सव महाअर्चना के पोस्टर का विमोचन भट्टारकजी की नसियां में आचार्य चैत्य सागर के सानिध्य में किया। प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला, राजस्थान जैन सभा महामंत्री मनीष बैद, युवा महासभा महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, संस्थान के सुनील पहाड़िया, ज्ञान चंद बस्सी, पंकज लुहाड़िया, महेश काला, सोभाग अजमेरा आदि इस मौके पर उपस्थिति रहे। प्रचार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा के अनुसार 8 फरवरी शाम को कार्यक्रम में भक्तामर दीप अर्चना की संगीतमय प्रस्तुति श्रीविद्यासागर यात्रा संघ जयपुर द्वारा दी जाएगी। जयपुर के 48 मंदिर-कॉलोनियों के श्रावकजनों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शांतिकुमार ममता सौगानी, कांता देवी रश्मि कांत सोनी व कपूर चंद कसेरा परिवार की उपस्थिति रहेगी।

**न्यूट्री फेस्ट** महापौर सौम्या गुर्जर ने किया प्रतिभागियों को सम्मानित

# अवॉर्ड हाथ में आए तो खिल उठे प्रतिभाओं के चेहरे

**बेधड़क** | जयपुर



अवॉर्ड हाथ में आए तो चेहरे खिल उठे। हर कोई अपनी सफलता को चीयर कर रहा था और गौरवान्वित महसूस कर रहा था। मौका था इंटरनेशनल सोसायटी फॉर लाइफ साइंसेज (आईएसएलएस) और आरयू के ईसीएच इन्क्यूबेशन सेंटर की ओर से जवाहर कला केंद्र के शिल्पग्राम में चल रहे जयपुर न्यूट्री फेस्ट के आखिरी दिन अवॉर्ड सेरेमनी का। मुख्य अतिथि नगर निगम जयपुर ग्रेटर की महापौर सौम्या गुर्जर ने नुक्कड़ नाटक, ग्रुप डांस और पोस्टर मेकिंग कॉम्पिटिशन के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

पोस्टर मेकिंग कॉम्पिटिशन की थीम 'हेल्दी फूड फॉर वाइब्रेंट लाइफ' रखी गई थी, जिसमें 90 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। फेस्ट में हेल्दी फूड, हस्तशिल्प उत्पाद, इनोवेटिव स्टार्टअप, प्राकृतिक खाद से जुड़ी चीजों ने आकर्षित किया। साथ ही आर्गेनिक, कैंसर से बचाव में खानपान की भूमिका विषय पर चर्चा सत्रों का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों ने मोटे अनाज और ऑर्गेनिक फूड को अपनाने की सलाह दी। शहरवासियों ने बढ़चढ़ कर इस इवेंट में भाग लिया।

### जीवन शैली के लिए किया अवेयर

सौम्या गुर्जर ने जीवन में हेल्दी और ट्रेडिशनल फूड को अपनाने पर जोर दिया। साथ ही अन्य एक्सपर्ट ने फेस्ट को स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूकता पैदा करने की ओर एक कदम बताया। एमएसएमई डायरेक्टर वीके शर्मा और जॉइंट डायरेक्टर प्रदीप ओझा ने फेस्ट में शिरकत की।

### ये रहे विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता

नुक्कड़ नाटक में कानोड़िया कॉलेज, डांस में महाराजा, रनरअप कानोड़िया कॉलेज, पोस्टर मेकिंग में महावीर कॉलेज के डीटो विजेता, भवानी निकेतन की मनीषा कुमावत रनरअप, डीपीएस के स्टूडेंट सिद्धार्थ सैकंड रनरअप। इस मौके पर आरयू की वाइस चांसलर प्रो. कल्पना कटेजा, ओएफपीएआई चेयरमैन डॉ. अतुल गुप्ता, कॉर्पोरेटर प्रवीण यादव, यूजीसी-एमेरिटस साइंटिस्ट प्रो. जीसी जैन, रैंक प्लस डायरेक्टर अनमोल कटारिया, दीपक खंडेलवाल और अमूल इंडिया के आशुतोष गर्ग, ईसीएच इन्क्यूबेशन सेंटर की कॉर्डिनेटर प्रो. सुमिता कच्छावा सहित अन्य उपस्थित रहे।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, मंगलवार, 06 फरवरी, 2024





मनुष्य अपने विचारों से निर्मित व्यक्ति है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### चिली में जंगल की आग घनी आबादी वाले इलाके में फैली

# 112 की मौत...1600 लोग बेघर



**एजेंसी** | सैंटियागो

चिली के जंगलों में लगी भीषण आग के घनी आबादी वाले इलाके में फैलने से पिछले तीन दिन में 112 लोगों की मौत हो चुकी है। चिली के मध्य क्षेत्र के जंगल में दो दिन पहले लगी भीषण आग से अग्निशमन विभाग के कर्मियों को काफी जूझना पड़ा। आग से गंभीर रूप से प्रभावित कई शहरों में कर्फ्यू लगा दिया है। विना डेल मार शहर के आसपास आग सबसे अधिक तीव्रता से जल रही है, जहां 1931 में स्थापित एक प्रसिद्ध वनस्पति उद्यान आग की लपटों में जलकर नष्ट हो गया। आग के कारण 1,600 लोग बेघर हो गए। विना डेल मार के पूर्वी क्षेत्र के कई इलाके आग की लपटों और धुएं से घिर गए हैं, जिससे कुछ लोग अपने घरों में फंस गए हैं।

#### कई शहरों में लगाया कर्फ्यू

वालपराइसो क्षेत्र के गवर्नर रोड्रिगो मुंडाका ने घोषणा की कि विना डेल मार, क्विलपुए, विला एलेमाना और लिमाचे शहरों में कर्फ्यू लागू किया जा रहा है, ताकि अधिकारी आग बुझाने पर फोकस हो सकें। क्विलपुए के मेयर वेलेरिया मेलिपिलन ने बताया कि यह अब तक की सबसे बड़ी आग है। लगभग 1400 घर जलकर राख हो गए हैं।

#### 300 लोग अभी भी लापता

गृह मंत्री मंत्री कैरोलिना तोहा ने मरने वालों की संख्या और भी अधिक होने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि विना डेल मार और आसपास के इलाके में करीब 300 लोगों के लापता होने की खबर है और आग की चपेट में आने से पिछले तीन दिन में कम से कम 112 लोगों की मौत हो चुकी है।

#### कई इलाकों को कराया खाली

राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि आग के कारण मृतक संख्या और बढ़ने की आशंका है, क्योंकि वालपराइसो क्षेत्र में चार स्थानों पर भीषण आग लगी है और दमकलकर्मियों को अत्यधिक खतरे वाले इलाकों तक पहुंचने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। बोरिक ने चिलीवासियों से बचाव कर्मियों के साथ सहयोग करने की अपील की।

#### दो दिन का राष्ट्रीय शोक

राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने घोषणा की कि आग पीड़ितों के सम्मान में सोमवार और मंगलवार को राष्ट्रीय शोक दिवस मनाया जाएगा। बोरिक ने इसे 2010 में आए भूकंप के बाद से सबसे खराब त्रासदी कहा। तब 520 से अधिक लोग मारे गए थे। उन्होंने यह भी कहा कि मरने वालों की संख्या अभी और बढ़ेगी।

### पाकिस्तान में चुनाव के 3 दिन पहले आतंकी हमला, छह जने घायल

# थाने पर फेंका ग्रेनेड, गोलीबारी में 10 पुलिसकर्मियों की मौत

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले डेरा इस्माइल खान जिले में आतंकवादियों ने बड़ा हमला किया है। यह हमला देर रात डेरा इस्माइल खान जिले में एक पुलिस स्टेशन पर किया गया, जिसमें 10 पुलिसकर्मी मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। घायलों को डेरा इस्माइल खान अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि जिले की तहसील दरबान में आतंकवादियों ने सोमवार तड़के तीन बजे पुलिस थाने पर भारी हथियारों से हमला कर दिया। हमले के बाद आतंकी अपने कुछ साथियों को छुड़ाने में भी कामयाब रहे। उन्होंने लौटते वक्त थाने में रखे हथियारों को भी लूट लिया।



#### आतंकियों ने स्नाइपर फायर कर थाने पर फेंके हथगोले

रिपोर्ट के अनुसार, यह हमला देर रात तब किया गया, जब थाने के अधिकतर पुलिसकर्मी सोए हुए थे। आतंकवादियों ने हमले से पहले स्नाइपर फायर किया और उसके बाद चौधवन पुलिस स्टेशन में घुस गए। उन्होंने थाने में तैनात पुलिसकर्मियों पर अंधाधुंध फायरिंग की। पुलिस उपाधीक्षक अनीसुल हसन ने बताया है कि आतंकवादियों ने थाने में कई हैंड ग्रेनेड भी फेंके। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस महानिरीक्षक अख्तर हयात ने घटना और हताहतों की संख्या की पुष्टि की। जान गंवाने वालों में स्वाबी की एलीट पुलिस यूनिट के 6 पुलिसकर्मी शामिल हैं, जिन्हें पिछले साल कई हमलों के कारण और चुनावों के दौरान स्थानीय पुलिस का समर्थन करने के लिए क्षेत्र में तैनात किया गया था।

#### आतंकियों की तलाश में जुटी पुलिस

हमले के तुरंत बाद दक्षिण वजीरिस्तान कबायली जिले, टैंक और डेरा गाजी खान की ओर जाने वाली सड़कों पर यातायात को रोक दिया गया है। पुलिस की कई टीमें आतंकवादियों की बड़े पैमाने पर तलाश कर रही हैं। माना जा रहा है कि इस हमले के पीछे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान का हाथ हो सकता है, हालांकि किसी भी आतंकी गुट ने अभी तक इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। पाकिस्तान में चुनाव से पहले ऐसे आतंकी हमलों ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा प्रांत आतंकवादियों का पसंदीदा ठिकाना है।

#### कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने जताया दुख

खैबर पख्तूनख्वा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री रिटायर्ड जस्टिस अरशद हुसैन शाह ने हमले की निंदा की और लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने शहीदों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। सीएम शाह ने कहा कि केपी पुलिस ने प्रांत में शांति के लिए बलिदान दिया है और ऐसे कायरतापूर्ण हमले उनका मनोबल नहीं गिराएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार शोक संतप्त लोगों की हर संभव तरीके से मदद करेगी।

### मालदीव के राष्ट्रपति बोले... देश की संप्रभुता से समझौता नही

# 10 मार्च से पहले भारत लौटेंगे सेना के जवान

**एजेंसी** | माले



मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारतीय सैनिकों की वतन वापसी की घोषणा कर दी है। उन्होंने मालदीव की संसद में दिए अपने पहले भाषण में इस बात का एलान किया।

हालांकि, राष्ट्रपति के संबोधन का विपक्षी दलों ने बायकॉट किया। उनके संबोधन के दौरान सिर्फ 24 सांसद ही मौजूद रहे। राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद सोमवार को पहली बार मोहम्मद मुइज्जू ने संसद में भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने कहा है कि 10 मई तक भारतीय सैनिक मालदीव छोड़कर चले जाएंगे। यही नहीं उन्होंने अपने भारत विरोधी रुख को दोहराते हुए कहा कि देश अपनी संप्रभुता में किसी बाहरी हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देगा।

भाषण के दौरान मुइज्जू ने कहा कि भारत और मालदीव इस बात पर सहमत हुए हैं कि भारतीय सैनिक 10 तक अपने देश लौट जाएंगे। 3 विमानन प्लेटफार्मों में से 1 प्लेटफार्म को वह 10 मार्च तक छोड़ देंगे। बाकी के 2 प्लेटफार्मों से वह 10 मई तक जाएंगे।







### वैज्ञानिक मान रहे दूसरी पृथ्वी

# नासा ने ब्रह्मांड में खोजा 'सुपर अर्थ'

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

खगोलविदों के मन में हमेशा ये सवाल रहा है कि क्या सिर्फ पृथ्वी पर जीवन है या किसी और ग्रह पर कोई प्रजाति रहती है। अगर एलियन न भी हों तो ये सवाल रहता है कि क्या ब्रह्मांड में कोई ग्रह पृथ्वी की तरह है? पृथ्वी 2.0 की खोज लंबी और कठिन रही है। वैज्ञानिक पृथ्वी जैसे किसी दूसरे ग्रह को खोजने में लगे हैं। अब वैज्ञानिकों की खोज एक ऐसे ग्रह तक पहुंची है, जो पृथ्वी से बड़ा है और यह अपने सूर्य के रहने योग्य क्षेत्र में है।

खगोलविदों ने हाल ही में पृथ्वी से 137 प्रकाश वर्ष दूर TOI-715 b नाम के ग्रह को खोजा है। इसे वैज्ञानिक 'सुपर अर्थ' कह रहे हैं। यह ग्रह लाल तारे की परिक्रमा कर रहा है। हालांकि यह खोज अकेली नहीं है। इसके साथ लगभग पृथ्वी के आकार का एक दूसरा ग्रह भी हो सकता है, जो दोनों अपने मूल तारे के रहने योग्य क्षेत्र में हैं। TOI-715 b हमारे ग्रह से लगभग डेढ़ गुना ज्यादा चौड़ा है। यह एक ऐसी कक्षा में है, जो इसे अपने तारे से बिल्कुल सही दूरी पर रखता है, जिससे इस ग्रह पर पानी के तरल रूप की संभावना बढ़ जाती है। पानी जीवन का प्रमुख घटक है।



#### क्या होती है रहने योग्य दूरी

रहने योग्य क्षेत्र तारे से एक ऐसी दूरी होती है, जहां किसी ग्रह पर मौजूद पानी गर्मी के कारण न तो भाप बने और ना ही ठंड के कारण बर्फ बने। पानी का अस्तित्व उपयुक्त वातावरण समेत कई कारकों पर निर्भर करता है। TOI-715 b का स्थान इसके आगे के अध्ययन के लिए वैज्ञानिकों में दिलचस्पी पैदा करता है। इस ग्रह की खोज वैज्ञानिक बेहद अच्छे समय में मान रहे हैं। क्योंकि आज के समय टेक्नोलॉजी का विकास हुआ है।

#### टेक्नोलॉजी कैसे कर रही है मदद

आज वैज्ञानिकों के पास जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप जैसी चीजें हैं, जो दूर के एक्सोप्लैनेट का पता लगाने के साथ-साथ उनकी वायुमंडलीय रचनाओं का विश्लेषण करने में भी सक्षम हैं। ऐसे डेटा सौरमंडल से परे जीवन की संभावना के बारे में महत्वपूर्ण सुराग दे सकते हैं। TOI-715 b का तारा एक लाल बौना है। जो हमारे सूर्य से छोटा और ठंडा होता है। चट्टानी ग्रहों पर इसके जरिए उपजाऊ भूमि पैदा हो सकती है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl